Daily
THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
द फोटोन न्यूज Published from Ranchi
Ranchi ● Monday, 08 April 2024 ● Year : 02 ● Issue : 80 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : ₹3 ● www.thephotonnews.com
E-Paper : epaper.thephotonnews.com

सुविचार

किसी भी व्यक्ति की योग्यता का आकलन इस बात से होता है कि आप जीवन की परिस्थितियों का सामना कैसे करते हैं।

Deepika Padukone Shares Cyptic...

SHARE

सेंसेक्स	:	74,248.22
निफ्टी	:	22,513.70

SARAFA

सोना	:	6,695
चांदी	:	87.00

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

इफ्तार (सोमवार) : 06.12
सेहरी (मंगलवार) : 04.19

BRIEF NEWS

झारखंड-बिहार समेत 14 राज्यों में हुई हल्की बारिश

NEW DELHI : देश के 14 राज्यों में रविवार को कहीं-कहीं हल्की बारिश हुई। मौसम विभाग के मुताबिक केरल, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, तेलंगाना, ओडिशा, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, पश्चिम बंगाल, असम, सिक्किम, मेघालय और अरुणाचल प्रदेश में कहीं-कहीं छिटपुट बारिश दर्ज की गई। इसके अलावा इसके 8 राज्यों गुजरात, गोवा, कर्नाटक, केरल, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और पुडुचेरी में लू का असर रहा। इन राज्यों का तापमान 43 डिग्री तक पहुंच चुका है। सबसे ज्यादा 44 .5 डिग्री तापमान आंध्र प्रदेश के नंदयाल में रिकॉर्ड किया गया।

आप नेताओं ने किया सामूहिक उपवास

NEW DELHI : दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में आम आदमी पार्टी (आप) नेताओं ने रविवार को देशभर में सामूहिक उपवास शुरू किया। पार्टी के बड़े नेता दिल्ली के जंतर-मंतर पर सुबह उपवास के लिए पहुंचे। आम आदमी पार्टी की मांग है कि शराब नीति घोटाले में 21 मार्च को गिरफ्तार हुए केजरीवाल को तुरंत रिहा किया जाए। उन्हें ईडी ने झूठे मुकदमे में फंसाया है। पार्टी ने एक्स पर पोस्ट में कहा- तानाशाही के खिलाफ पूरा देश एकजुट है। आओ मिलकर देश के बेटे के लिए आवाज उठाएं। इससे पहले आप ने 26 मार्च को भी देशभर में प्रदर्शन किया था।

अग्निबाण रॉकेट लॉन्चिंग की तीसरी कोशिश नाकाम

NEW DELHI : चेन्नई स्थित अंतरिक्ष स्टार्ट-अप अग्निकुल कॉसमॉस ने अग्निबाण रॉकेट के प्रक्षेपण को रद्द कर दिया। यह प्रक्षेपण उड़ान भरने से लगभग 92 सेकंड पहले रद्द किया गया। इसके पीछे अग्निकुल कॉसमॉस ने तकनीक खामियों का हवाला दिया है। बता दें कि अग्निबाण एक सेमी क्रायोजेनिक रॉकेट है और 22 मार्च से अब तक इसके परीक्षण का यह तीसरा प्रयास था। यह परीक्षण उड़ान श्रीहरिकोटा में इसरो के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में अग्निकुल लॉन्च पैड पर आयोजित होने वाला था। इससे पहले शनिवार सुबह 7.45 बजे भी प्रक्षेपण की कोशिश की गई थी। यह दूसरा प्रयास था और यह भी सफल नहीं हो पाया था।

चुनावी रैलियों पर हमले की फिराक में लश्कर कमांडर जुनैद अहमद

बना रहा भय का माहौल, स्थिति बिगाड़ने और आतंकी घटनाओं को अंजाम देने की रची जा रही साजिश

AGENCY SRINAGAR : जम्मू-कश्मीर में चुनावों से पहले माहौल बिगाड़ने और आतंकी घटनाओं को अंजाम देने के लिए पाकिस्तान से जुड़े आतंकी संगठन साजिश रच रहे हैं। इस मंसूबे को लेकर लश्कर-ए-तैयबा कमांडर जुनैद अहमद बट कुलगाम में छिपा है। भारतीय खुफिया एजेंसियों को पता लगा है कि आने के बाद उसने स्लीपर सेल के गुर्गों के साथ बैठक भी की है।



● लश्कर-ए-तैयबा कमांडर जुनैद अहमद बट कुलगाम में छिपा है

कश्मीर में सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर : सूत्रों के मुताबिक एजेंसियों ने हाल ही में एक सैटेलाइट फोन से हो रही बातचीत को इंटरसेप्ट किया था। इससे पता चला कि कश्मीर पहुंच चुके जुनैद ने अपनी स्लीपर सेल से जुड़े गुर्गों को 31 मार्च को कुलगाम के गांव नौबल में आतंकी के घर बुलाया था। तब बड़े बगीचे में स्लीपर सेल से जुड़े 6 लोग मौजूद थे। हालांकि उनकी पहचान नहीं हो सकी। इस मीटिंग की सूचना गृह मंत्रालय को दी गई है। इसके बाद कश्मीर में सुरक्षा एजेंसियों को हाई अलर्ट कर दिया गया है।

भाजपा नेताओं की रैलियों पर खतरा ज्यादा, सुरक्षा बढ़ाई गई : सूत्र का कहना है कि खुफिया एजेंसियों को यह भी पता चता है कि लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी ने स्लीपर सेल को लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सियासी रैलियों पर हमले की योजना बनाई है। कश्मीर में विशेष रूप से भाजपा की रैलियों को निशाना बनाए जाने की आशंका व्यक्त की जा रही है। जिसके बाद से कुलगाम और इसके आस-पास होने वाली चुनावी रैलियों के लिए खासतौर पर सुरक्षा एजेंसियों को सतर्कता बरतने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

सुरक्षाबलों की पकड़ में आने से पहले ही भाग निकला

सूत्रों के मुताबिक गृह मंत्रालय के निर्देश पर कश्मीर पुलिस, बीएसएफ और एनआईए की टीमें मिलकर लश्कर आतंकी जुनैद अहमद व उसके साथियों की तलाश कर रही है। इनपुट पर बीएसएफ के जवानों ने नौबल के आधा दर्जन संदिग्धों के घरों की तलाशी ली। आतंकी जुनैद व उसके साथी इससे पहले ही वहां से भाग निकले। पर सुरक्षा बलों को ऐसे दस्तावेज मिले हैं, जो इस ओर इशारा करते हैं कि इस बार आतंकी संगठन सियासी रैलियों पर आतंकी हमले जैसी कोई साजिश रच रहा है।

रक्षामंत्री ने जोर देकर यह कहा था

राजनाथ सिंह ने 5 अप्रैल को कहा कि अगर आतंकवादी भारत में शांति भंग करने या आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने की कोशिश करते हैं, तो उन्हें करारा जवाब दिया जाएगा। अगर वे पाकिस्तान भाग जाते हैं, तो भारत उन्हें मारने के लिए पड़ोसी देश में घुस जाएगा। राजनाथ सिंह की यह टिप्पणी ब्रिटेन के गार्जियन अखबार में पब्लिश रिपोर्ट के बाद आई, जिसमें आरोप लगाया गया है कि भारत सरकार ने विदेशी धरती पर रहने वाले आतंकवादियों को खत्म करने की रणनीति के तहत पाकिस्तान में कई लोगों की हत्या की।

वार : भारत को आंख दिखाने वाले आज आटे के लिए तरस रहे

जो कहता हूं, करता हूं, 'इंडी' ने गारंटी को बना दिया गुनाह : PM

AGENCY NAWADA : रविवार को बिहार के नवादा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुनावी जनसभा हुई। 30 मिनट के अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने 'इंडी' गठबंधन, राम मंदिर, टुकड़े-टुकड़े गैंग, जंगलराज और तीन तलाक जैसे मुद्दों पर जनता का ध्यान खींचा। प्रधानमंत्री ने कहा कि इंडी गठबंधन कहता है कि मोदी की गारंटी गैरकानूनी है, इसे बंद कराना चाहिए। उन्होंने गारंटी को गुनाह बना दिया है। उन्होंने कहा कि 370 और तीन तलाक खत्म करने की गारंटी दी थी। जो कहता हूं करता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को आंख दिखाने वाले आज आटे के लिए तरस रहे हैं। पीएम बोले, 'इंडी' गठबंधन के बड़े नेता रैली नहीं कर रहे हैं। पता चला यहां के एक नेता हठ कर के बैठ गए हैं। उनका कहना है कि जब तक मुझे पीएम कैंडिडेट घोषित नहीं किया जाएगा, रैली नहीं करेंगे।' उन्होंने कहा कि बिहार में वो भी समय था, जब बहू-बेटियों को निकलने से डर लगता था। नीतीश जी और सुशील मोदी के प्रयास से बिहार जंगलराज से मुक्त हुआ है। अब जाकर बिहार चौतरफा विकास कर रहा है।

नवादा की चुनावी जनसभा में हाथ उठाकर लोगों का अभिवादन स्वीकार करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

- 'इंडी' गठबंधन वाले सनातन धर्म को समाप्त करने की बात करते हैं
- आपके वोट की ताकत ने देश को मजबूत सरकार दी, इसलिए भारत की ओर देख रही दुनिया
- बिहार में वो भी समय था, जब बहू-बेटियों को घर से निकलने में डर लगता था

15 साल पति-पत्नी का राज

प्रधानमंत्री से पहले सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि याद कीजिए 2005 से पहले बिहार का क्या हाल था? पहले 15 साल पति-पत्नी ने केवल राज किया। बच्चों को बताइएगा। पहले क्या था, हमने कितना काम किया है। नवादा से पहले 4 अप्रैल को पीएम ने जमुई से चुनावी कैंपेन का आगाज किया था। यहां उन्होंने लोजपा (रा) के प्रत्याशी और चिराग पासवान के बहनोई अरुण भारती के पक्ष में सभा की थी।

नवादा में पीएम की रैली से लौटने के बाद पटना एयरपोर्ट पर लोजपा(रा.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने कहा कि प्रधानमंत्री ने जनता से जो वादे किए थे, उन सभी वादों को पूरा किया है। उन्होंने कभी किसी से भेदभाव नहीं किया। 2024 का चुनाव हम लोग इसी वादे के साथ लड़ रहे हैं। उन्होंने पार्टी में टिकट बंटवारे पर नाराजगी के सवाल पर कहा कि हमने सभी लोगों का ध्यान रखा है।

कांग्रेस को जम्मू-कश्मीर से 370 हटने का दर्द : मोदी

KOLKATA : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को बिहार के नवादा में रैली करने के बाद दोपहर 2 :30 बजे पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी पहुंचे। यहां उन्होंने एक जनसभा को संबोधित किया। पीएम ने टीएमसी और कांग्रेस पर निशाना साधा। मोदी ने खड़गे के कश्मीर को लेकर दिए बयान का भी जवाब दिया। मोदी ने कहा- 6 अप्रैल को कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, मोदी दूसरे राज्यों में कश्मीर की बात क्यों करते हैं। उनके लिए कश्मीर कुछ नहीं है लेकिन 140 करोड़ भारतीयों के लिए कश्मीर मां भारती के मस्तक समान है। जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाने का कांग्रेस को दर्द है। इसके साथ ही पीएम ने टीएमसी को कानून और संविधान को कुचलने वाली पार्टी बताया।

21 की न्याय उलगुलान महारैली व लोस चुनाव के लिए कल्पना हुईं रेस

'इंडिया' गठबंधन के नेताओं के साथ बैठक करतीं कल्पना सोरेन।

PHOTON NEWS RANCHI : पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने 21 अप्रैल को झारखंड की राजधानी रांची की प्रभात तारा मैदान में होने वाली न्याय उलगुलान महारैली और लोकसभा चुनाव को लेकर पूरी तरह कमान संभाल ली है। रविवार को कल्पना सोरेन ने अपने निवास स्थान पर ह्यइंडियाह्न गठबंधन नेताओं के साथ उच्च स्तरीय मीटिंग की। इसमें महारैली की सफलता के लिए रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर, पीसीसी अध्यक्ष राजेश ठाकुर, राजद के मंत्री सत्यानंद भोक्ता, महासचिव कैलाश यादव, माले विधायक विनोद, झामुमो महासचिव विनोद पांडेय आदि शामिल हुए।

पांच लाख भीड़ जुटाने और चुनाव को लेकर बनी रणनीति : बैठक में झामुमो द्वारा आयोजित महारैली में पूरे राज्य से 5 लाख भीड़ जुटाने की रणनीति बनी। इसमें कल्पना सोरेन ने सभी गठबंधन के सहयोगियों से सहयोग मांगा। बैठक में न केवल रैली बल्कि लोकसभा चुनाव में गठबंधन का साझा प्रचार अभियान को लेकर भी चर्चा हुई। यह तय किया गया कि 21 के बाद चरणबद्ध तरीके से होने वाले चुनाव के हिसाब से चुनावी अभियान चलाया जाएगा। महारैली में इंडिया गठबंधन के राष्ट्रीय नेता पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, महासचिव प्रियंका गांधी बढ़ेरा, राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव, तेजस्वी यादव, बंगाल की सीएम ममता बनर्जी, पंजाब के सीएम भगवंत मान सिंह, अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल, सांसद संजय सिंह, सौरभ भारद्वाज, तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालीन, शिवसेना अध्यक्ष उद्धव ठाकरे, एनीसीपी प्रमुख शरद पवार, फारूख अब्दुल्ला, महबूबा मुफ्ती, सपा प्रमुख अखिलेश यादव, माले महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य, वाम नेता सीताराम येचूरी, डी राजा सहित अन्य गठबंधन के नेताओं को बुलाया जाएगा।

- 'इंडिया' गठबंधन के सीनियर नेताओं के साथ की उच्च स्तरीय मीटिंग, किया व्यापक विचार विमर्श
- लोकसभा चुनाव के लिए संयुक्त रैली करने पर सबने जताई सहमति

11 अप्रैल को ईद-उल-फितर

ईद की खुशियां अपार : पूरे देश में ईद की धूम है। झारखंड की राजधानी रांची भी इससे पीछे नहीं है। यहां ईद का हर्षोल्लास हर ओर दिख रहा है। युवाओं और बच्चों में इसकी खुशी अधिक देखी जा रही है। रांची मेन रोड में ईद बाजार दिन से लेकर देर रात तक गुलजार रह रहा है। यहां खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है।

सिमडेगा में दिल दहला देने वाली घटना

पोती के सामने दादी को काटा, उतारा मौत के घाट

PHOTON NEWS SIMDEGA

- बजरंग साहू ने धारदार हथियार से कई बार किया प्रहार

झारखंड के सिमडेगा जिले के कोलेबिरा में मासूम पोती के सामने ही दादी की धारदार हथियार से हत्या की दी गयी। देवीगुड़ी चौक के समीप रविवार की दोपहर बाद करीब 4 बजे 65 साल की शांति देवी की धारदार हथियार से हत्या कर दी गयी। बताया जा रहा है कि वह घर में अपने पोते-पोतियों के साथ बैठी हुई थीं। इसी दौरान बजरंग साहू नामक युवक घर आया और धारदार हथियार से हत्या कर दी। रविवार को शांति देवी अपने मकान में अपनी दो पोतियों 12 साल की सिमी कुमारी, 9 साल की शिल्पा कुमारी व ढाई साल की पोता कार्तिक नाग के साथ अपने घर में बैठी थी। बहू रुक्मिणी देवी कोलेबिरा साप्ताहिक बाजार गयी थी। इसी दौरान बजरंग साहू नामक युवक घर पहुंचा और धारदार हथियार से हत्या कर दी।

पूर्व सीएम महबूबा मुफ्ती अनंतनाग से लड़ेंगी चुनाव

SRINAGAR : जम्मू कश्मीर के पांच लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में से सबसे हॉट अनंतनाग-राजोरी सीट को माना जा रहा है। इस सीट पर मुकाबला और भी दिलचस्प होने जा रहा है। रविवार को पीडीपी ने एलान किया कि पार्टी प्रमुख महबूबा मुफ्ती इस सीट से चुनाव लड़ेंगीं इसके साथ ही पीडीपी ने श्रीनगर सीट से वहीद उर रहमान पर्रा और बारामुला सीट से फैयाज अहमद मीर को मैदान में उतारा है। यह घोषणा रविवार को आरतज मदनी ने श्रीनगर में पार्टी मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में की। इसके बाद महबूबा मुफ्ती ने मीडिया को संबोधित किया। महबूबा ने जोर देकर कहा कि उनकी पार्टी पिछले कुछ वर्षों में हमलों की एक श्रृंखला का शिकार हुई है। महबूबा मुफ्ती ने कहा कि उन्होंने तय किया था कि वे लोकसभा चुनाव के लिए इंडिया गठबंधन का हिस्सा बनेंगे, लेकिन ऐसा नहीं हो सका।

बसंत ने भाभी सीता पर कहा चुनावी मैदान में रिश्ता नहीं

PHOTON NEWS RANCHI : शिबू सोरेन के छोटे पुत्र और झारखंड सरकार में मंत्री बसंत सोरेन ने अपनी भाभी सीता सोरेन पर ताबड़तोड़ राजनीतिक प्रहार किया है। रविवार को वे जामताड़ा पहुंचे थे। जहां उन्होंने दुमका लोकसभा सीट को लेकर रणनीति बनायी। इस दौरान उन्होंने दुमका लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन को लेकर कहा कि सीता सोरेन घर पर उनकी भाभी हैं, न कि चुनावी मैदान में। उन्होंने पार्टी और परिवार में सम्मान नहीं मिलने के आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि पार्टी और परिवार ने 15 साल विधायक बनाकर सीता सोरेन को सम्मान दिया है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने तीन बार उन्हें विधायक बनाया और सम्मान देने का काम किया। दुर्गा सोरेन की मौत की सीबीआई जांच कराने की मांग पर बसंत सोरेन ने उन्हें करारा जवाब दिया। उन्होंने कहा कि सीता सोरेन खुद तीन बार यानी की 15 साल से पार्टी की विधायक रही हैं।

सीता सोरेन

बसंत सोरेन

- देवर बसंत का भाभी सीता सोरेन पर राजनीतिक प्रहार
- कहा- पार्टी और परिवार से मिला बहुत सम्मान
- दूसरे दल में जाकर क्यों उठा रही हैं दुर्गा सोरेन मौत की जांच की मांग

दोपहर 12 बजे भगवान राम का होगा सूर्य तिलक, तैयारियों में जुटे वैज्ञानिक

रामनवमी पर भव्य होगा रामलला का जन्मोत्सव

AGENCY LUCKNOW : इस बार अयोध्या की रामनवमी अलौकिक होगी। राम मंदिर बनने के बाद पड़ने वाली इस रामनवमी में रामलला का जन्मोत्सव भव्य तरीके से मनाने की तैयारी की जा रही है। रामनवमी का खास आकर्षण रामलला का सूर्य तिलक होगा। जिसकी तैयारी में वैज्ञानिक जुटे हैं। यदि सब कुछ ठीक रहा तो रामनवमी के दिन दोपहर 12 बजे रामलला का सूर्य तिलक होगा। इसके लिए रुड़की के वैज्ञानिक तैयारी कर रहे हैं। पहले इसका ट्रायल होगा। सफलता मिलने के बाद रामनवमी पर सूर्य तिलक होगा। अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के समय तय हुआ था कि रामनवमी पर रामलला की मूर्ति के मस्तक पर सूर्य की किरणों से तिलक किया जाएगा। अब रामनवमी से पहले इसकी तैयारियां शुरू हो गई है। विशेष उपकरणों की मदद से ये सूर्य तिलक किया जाएगा। लगभग 75 मिमी का ये तिलक होगा और तीन से चार मिनट तक देखा जा सकेगा। हालांकि आम दर्शनार्थियों को सूर्य तिलक सीधे नहीं देखने को मिलेगा।

अयोध्या राम मंदिर में 20 घंटे तक दर्शन की मिलेगी सुविधा

रामनवमी पर सूर्य तिलक के लिए विशेष तैयारी की जा रही है। मंदिर के अलग-अलग फ्लोर पर विशेष लेंस, दर्पण लगाए जा रहे हैं। जिससे सूर्य की किरणों को रामलला की मूर्ति तक पहुंचा जा सके। सेंट्रल बिल्डिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिकों को इस कार्य के लिए लगाया गया है। हर साल रामनवमी पर ये व्यवस्था की जाएगी। अयोध्या राम मंदिर में रामनवमी के मौके पर 20 घंटे तक दर्शन की सुविधा मिलेगी। ये व्यवस्था 15 से 17 अप्रैल तक रहेगी। अयोध्या में 100 स्थानों पर एलईडी स्क्रीन पर रामनवमी का लाइव प्रसारण किया जाएगा। रामलला के सुबह, दोपहर और रात में राग भोग व श्रृंगार में लगभग चार घंटे लगते हैं। इसके अलावा 20 घंटे दर्शन की व्यवस्था रहेगी। उन्होंने श्रद्धालुओं से मोबाइल फोन, जूता-चप्पल, सामान रखकर मंदिर आने की सलाह दी है। इससे दर्शन में आसानी होगी और समय भी कम लगेगा। श्रद्धालुओं के राम जन्मभूमि पथ से लेकर मंदिर परिसर तक 50 स्थानों पर पीने की पानी की व्यवस्था की जाएगी। जूट का कारपेट बिछेगा। छाया के लिए जर्मन हैंगर लगाए जा रहे हैं। प्रसाद के साथ साथ ओआरएस घोल भी श्रद्धालुओं को दिया जाएगा। जिससे गर्मी में उन्हें एनर्जी मिलती रहे। रामनवमी के मौके पर 15 से 18 अप्रैल तक पास की व्यवस्था निरस्त रहेगी।

BRIEF NEWS

विधायक का पंचायत सहायक संघ ने जताया आभार

PALAMU : पांकी प्रखंड पंचायत सहायक संघ ने पांकी विधायक डॉ। शशिभूषण मेहता को बुके व शॉल ओढ़ाकर आभार व्यक्त किया। ज्ञात हो का पिछले दिनों झारखण्ड के सहायक संघ की मांग पर पांकी विधायक डॉ मेहता ने विधानसभा में मामला उठाया था। सरकार का ध्यान पंचायत सहायक संघ की मांगों की ओर आकृष्ट कराया था। इसके बाद विधायक की मांग पर सरकार ने मामले का संज्ञान लिया और प्रति माह 2500 रुपया वेतन लागू किया। पंचायत स्वयंसेवक की जगह पंचायत सहायक का दर्जा दिया गया। मौके पर विधायक डॉ मेहता ने आश्वासन देते हुए कहा हम हमेशा आपलोग के साथ खड़े हैं।

विश्व स्वास्थ्य दिवस पर मेडिकल लैबोरेट्री की महिला सदस्यों ने किया रक्तदान

RAMGARH : विश्व स्वास्थ्य दिवस पर रविवार को झारखंड मेडिकल लैबोरेट्री टेक्नोलॉजिस्ट संगठन की महिला सदस्यों ने रक्तदान किया। रामगढ़ के पुराने सदर अस्पताल परिसर में आयोजित रक्तदान शिविर में 52 यूनिट ब्लड का कलेक्शन हुआ। इस शिविर में बतौर अतिथि डॉक्टर ठाकुर मृत्युंजय कुमार सिंह, डॉक्टर उदय श्रीवास्तव एवं सदर अस्पताल ब्लड बैंक के पैथोलॉजिस्ट डॉक्टर रेणु उपस्थित हुए।

वैश्य दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन

GARHWA : रविवार को वैश्य दिवस पर गढ़वा में रक्तदान किया गया। पूरनचंद चौक स्थित वैश्य समाज के पुरोधा पूरनचंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद रक्कदान शिविर लगाकर 4 यूनिट खून संग्रह किया गया। जितेंद्र कश्यप, सुनील कश्यप, पवन कुमार तथा राहुल कुमार ने रक्तदान किया। इस मौके पर वैश्य महा सम्मेलन के जिला अध्यक्ष रविंद्र प्रसाद जायसवाल ने बताया कि वैश्य दिवस एक महत्वपूर्ण और गर्वशील उत्सव है, जो भारत में प्रति वर्ष मनाया जाता है। लोग इसे बड़े हर्ष और उत्साह के साथ मनाते हैं। इस दिन का महत्व विशेष रूप से उन व्यक्तियों के लिए है जो व्यवसाय करते हैं और व्यापार के क्षेत्र मंन निरंतर योगदान देते हैं। वैश्य दिवस का आयोजन देश भर में अलग-अलग तरीकों से मनाया जाता है।

डालसा ने किया खूंटी जेल में योगा सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

KHUNTI : झालसा रांची के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष ऋषिकेश कुमार के मार्गदर्शन में रविवार को उपकार खूंटी में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर डालसा की ओर से योगा सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डालसा सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर ने कहा कि उपकारा में रहने, खाने की साथ-साथ स्वास्थ्य पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। अच्छा स्वास्थ्य सिर्फ कैदी के लिए ही नहीं, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति, हम सबके लिए बहुत जरूरी है। अच्छे स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा बहुत पहले से (वर्ल्ड हेल्थ डे) यानी विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है।

धनबाद कृषि बाजार समिति परिसर में लगी आग, 8 वाहन जलकर खाक

थाने ने सीज कर रखी गई थीं गाड़ियां, फायर ब्रिगेड ने आग पर पाया काबू

PHOTON NEWS DHANBAD : धनबाद कृषि बाजार समिति के परिसर में रविवार की दोपहर में आग लग गयी। इसमें कार समेत आठ वाहन जलकर राख हो गए। आग लगने की खबर जैसे ही फायर ब्रिगेड की टीम को मिली, तत्काल टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने में जुट गयी। फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पा लिया। हादसे के बाद आसपास के लोगों की भीड़ जुट गयी।

जलती हुई कार। • फोटोन न्यूज

आग पर काबू पाने में जुटीं दमकल की तीन गाड़ियां : कृषि बाजार समिति धनबाद रेलवे स्टेशन से करीब पांच किलोमीटर दूर बरवाअड्डा में है। कृषि बाजार समिति परिसर में आग लगने की खबर मिलते ही दमकल (फायर ब्रिगेड) की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने में जुट गयीं। लोगों की मानें, तो अगलगी की घटना करीब डेढ़ बजे की है।

थाने की सीज गाड़ियां जलकर हुई राख : बताया जा रहा है कि कृषि बाजार समिति परिसर में बरवाअड्डा थाने की सीज (जब्त) गाड़ियां रखी जाती हैं। समिति परिसर की झाड़ियों की सफाई की जा रही थी। इस क्रम में इसमें आग लगा दी गयी। मौसम में बदलाव के कारण तेज हवा चलने से आग वाहनों में लग गयी। जब तक लोगों को पता लगता तब तक गाड़ियों में आग पकड़ ली थी। इसके बाद लोगों ने इसकी खबर अग्निशमन विभाग को दी। सूचना मिलते ही पहुंचीं दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया।

कृषि बाजार समिति परिसर में ही बनते हैं स्ट्रांग रूम : चुनाव के वक्त कृषि बाजार समिति परिसर में ही स्ट्रांग रूम बनाए जाते हैं। लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर भी यहां स्ट्रांग रूम बनाने की तैयारी की जा रही है। इसी क्रम में साफ-सफाई की जा रही थी और सफाई के बाद उसमें आग लगा दी गयी। रविवार को मौसम में बदलाव के कारण तेज हवाएं चल रही थीं। इस दौरान आग की लपटें बरवाअड्डा थाने द्वारा सीज कर रखी गयी गाड़ियों तक पहुंच गयीं। देखते ही देखते वाहनों में आग लग गयी। कार समेत आठ गाड़ियां जलकर राख हो गयीं।

आपराधिक गिरोह आशीष मिश्रा गैंग के तीन अपराधी गिरफ्तार, हथियार बरामद

मीडिया को जानकारी देते एसडीपीओ। • फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS DEOGHAR : संगठित आपराधिक गिरोह आशीष मिश्रा गैंग के तीन अपराधी गिरफ्तार किए गए हैं। एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर रखिया थाना की पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बंधा से तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अपराधियों में रोशन झा, अभिषेक वर्मा और शुभम कुमार शामिल है। इनके पास से पुलिस ने एक देशी हथियार और कारतूस बरामद किया है। रविवार को एसडीपीओ रित्विक श्रीवास्तव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर लिया जानकारी दी।

लोगों को डरा धमका कर रंगदारी वसूलने की योजना बना रहा था : एसडीपीओ ने बताया कि इन सभी की मंशा लोगों को डरा धमका कर रंगदारी वसूलने का था। वहीं संभावना जताई जा रही है कि ये अपराधी किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने के फिराक में थे। फिलहाल पुलिस इन लोगों से सख्त पूछताछ कर रही है। गौरतलब है कि देवघर में बाबा परिहस्त की मौत के बाद से आशीष मिश्रा गैंग सक्रिय है।

श्मशान घाट के शेड में ही अधेड़ ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

PHOTON NEWS RAMGARH : कोरोना काल के बाद भी आम नागरिक का जीवन पटरी पर आना अभी भी मुश्किल नजर आ रहा है। जिस तरह आम जनजीवन लगातार कठिन होता जा रहा है उससे लोग आत्महत्या करने पर विवश हो रहे हैं। ऐसा ही एक मामला रामगढ़ के पतरातू से सामने आया। यहां रविवार को अधेड़ ने श्मशान घाट के शेड में ही फांसी लगाकर अपनी जान दे दी।

फंदे पर लटका अधेड़ का शव। • फोटोन न्यूज

एनटीपीसी न्यूटाउनशिप के निकट कालीघाट स्थित श्मशान घाट के शेड में फंदे से झूलती हुई लाश देखकर लोग चौक गए। मृतक विश्वजीत राम उर्फ कारु राम (50) पीटीपीएस कॉलोनी के हनुमानगढ़ी का रहने वाले थे। पीटीपीएस के रांची हेडक्वार्टर में बतौर सफाई कर्मी कार्यरत थे। जब लोगों ने वजह जानने की कोशिश की तो पता चला कि वह बैंक का लोन नहीं चुका पा रहे थे। इस मामले की पुष्टि करते हुए पतरातू एसडीपीओ वीरेंद्र कुमार राम ने बताया कि आम नागरिक और परिवार वाले भी इसी बात को बता रहे हैं कि कर्ज. नहीं चुका पाने की वजह से विश्वजीत लगातार तनाव में थे।

घर में भी इसी बात को लेकर अक्सर विवाद हो रहा था। पुलिस को जैसे ही इस घटना की जानकारी मिली घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ भेज दिया है। समाचार लिखे जाने तक मृतक के परिजनों ने थाने में लिखित आवेदन नहीं दिया है। जब वे लिखित आवेदन देंगे, उस आधार पर पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी।

पत्नी के छोड़कर जाने से तनाव में था युवक, फांसी लगाकर दे दी जान

GIRIDIH : तिसरी थाना क्षेत्र के चिलगिली में पत्नी के छोड़ जाने के वियोग में एक व्यक्ति द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। घटना शनिवार रात की बताई जा रही है। मृतक की पहचान चिलगिली निवासी 32 वर्षीय विनोद बर्णवाल पिता गंदौरी लाल है। जानकारी के अनुसार विनोद बर्णवाल का विवाह 12 वर्ष पूर्व हुआ था। लेकिन उसे कोई संतान नहीं था। वह तिसरी चौक स्थित एक किराना दुकान में काम करता था। पांच माह पूर्व उसकी पत्नी भी उसे छोड़कर चली गई। जिसके कारण वह तनाव में रहने लगा था। इसी बीच शनिवार की रात खाना खाने के बाद वह अपने कमरे में गया और अपनी मां से फोन पर बातचीत की। उसके माता-पिता बेलवाना के सलगाडीह स्थित पुराने घर में रहते थे। बताया जाता है कि फोन पर बातचीत के दौरान

लातेहार : प्रशिक्षण से अनुपस्थित 12 पदाधिकारी व कर्मी को शोकॉज

PHOTON NEWS LATEHAR : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गरिमा सिंह ने अनुशासनहीनता और लापरवाही के आरोप में 12 पदाधिकारी और कर्मियों से स्पष्टीकरण मांगा है। उपायुक्त ने आसन्न लोकसभा निर्वाचन को लेकर गत 5 अप्रेल को गांधी इन्टर कॉलेज एवं बनवारी साहू महाविद्यालय, लातेहार में पीठासीन पदाधिकारी हेतु आयोजित प्रशिक्षण में बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहने वाले 12 कर्मी और पदाधिकारी से स्पष्टीकरण पूछा है। उन्होंने लिखा है कि चुनाव जैसे महत्वपूर्ण कार्य से अनुपस्थित रहना उनके कार्य के प्रति लापरवाही एवं कर्त्तव्यहीनता का द्योतक है। बिना किसी पूर्व सूचना एवं अनुमति के प्रशिक्षण कार्यक्रम में अनुपस्थित पाया जाना जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 26 एवं आईपीसी की धारा-187 एवं 188 का उल्लंघन तथा अपने कर्तव्य के प्रति लापरवाही एवं उदासीनता को परिलक्षित करता है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने 24 घंटे के अंदर अनुपस्थित कर्मी और पदाधिकारी से स्पष्टीकरण की मांग की है। स्पष्टीकरण समय पर अप्राप्त रहने एवं संतोषजनक नहीं पाये जाने पर उक्त के विरूद्ध जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 134 एवं आईपीसी की धारा-187 एवं 188 के तहत विधि सम्मत कार्रवाई करने के निर्देश दिया है।

इन्हें किया गया शोकॉज : रंजन दानिएल बारला, टीजीटी, स्तरोन्नत 2 उवि सरयू; अरूण कुमार सिंह, सहायक शिक्षक राजकीय कृत मध्य वि।, मारंगलोईया, बालूमाथ; शिवनाथ मांझी, सहायक शिक्षक, राजकीय कृत मध्य वि।, सेरेगाड़ा, बालूमाथ; मासा सोरेन, प्रबंधक (खान), तेतरियाखाङ ओसीपी, बालूमाथ; मेश नगेसिया, सहायक शिक्षक उ मध्य वि, कबरी, गारू; दिवाकर मिश्रा, व्याख्याता, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट; श्रवण कुमार सिंह यादव, सहायक शिक्षक, उउवि मोरवाई कला, बरवाडीह; जोसेफ एक्का, प्रधानाध्यापक, खीस्त राजा हाई स्कूल, चन्दवा; मंगरा आइंद, प्रारूपक, पथ प्रमण्डल, लातेहार; प्रभाकर कुमार, वरीय लिपिक, पथ प्रमण्डल, लातेहार; राजगीर सिंह, सहायक शिक्षक, राजकीय कृत मध्य विद्यालय सेरेगाड़ा, बालूमाथ; सुमन कुमार साव, टीजीटी, अंग्रेजी, जवाहर नावोदय विद्यालय, लातेहार।

खूंटी में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा की जीत की डगर आसान नहीं, चुनौतियों की होगी भरमार

इस बार भी कांग्रेस के उम्मीदवार कालीचरण मुंडा से है उनका मुकाबला

PHOTON NEWS KHUNTI : झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा इस बार भी खूंटी से चुनाव लड़ रहे हैं। वोटों के समीकरण पर नजर डालें तो कई चुनौतियां हैं और उनकी चुनाव जीतने की डगर आसान नहीं है। खूंटी(सु) क्षेत्र में आचार संहिता लागू होते ही प्रशासनिक के साथ ही राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। एक ओर जिला प्रशासन खूंटी जिले में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने

के लिए कई तरह के कार्यक्रम आयोजित कर रहा है, वहीं राजनीतिक दलों द्वारा कार्यकर्ता सम्मेलन और कोर कमेटी की बैठकें आयोजित की जा रही है।

राजनीतिक जानकार भी मानते हैं कि जनजातियों के लिए सुरक्षित सीट पर मुख्य मुकाबला भाजपा के अर्जुन मुंडा और कांग्रेस के कालीचरण मुंडा के बीच ही होगा। अभी तक झारखंड पार्टी के एनोस एक्का ने अपने उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है। वैसे वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने वाली असंवैधानिक पत्थलगड़ी की नेत्री बबिता बेलोसा कच्छप भी अपनी उम्मीदवारी की घोषणा कर दी है, पर खूंटी क्षेत्र में इनके आने का चुनाव पर कितना प्रभाव रहेगा, यह देखना दिलचस्प होगा। जनजातीय मामलों और केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा का मुख्य मुकाबला फिर से कांग्रेस के कालीचरण मुंडा से ही है। पिछले लोकसभा चुनाव अर्जुन मुंडा 1445 मतों के अंतर से कालीचरण मुंडा को परास्त कर संसद पहुंचे थे।

लोस चुनाव संविधान व लोकतंत्र बचाने के लिए : सुखदेव भगत

LOHARDAGA : लोकसभा चुनाव की तैयारी के लिए कांग्रेस पार्टी की बैठक जिला अध्यक्ष सुखेर भगत की अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र भवन में हुई। इसमें 2024 लोकसभा चुनाव जीतने की रणनीति पर चर्चा हुई। इस बैठक में मुख्य रूप से इंडिया गठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी सुखदेव भगत प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की लोकसभा कोऑर्डिनेटर प्रदीप तुलस्यान विधानसभा प्रभारी बेलस तिर्की शामिल हुए। सर्वप्रथम जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा लोकसभा प्रत्याशी सुखदेव भगत को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए सुखदेव भगत ने कहा की यहां कांग्रेस की जड़ें बहुत गहरी है यहां धीरज प्रसाद साहू तीन बार के राज्यसभा सांसद रहे हैं।

रामनवमी के अवसर पर निकाली गई भव्य शोभा यात्रा, श्रद्धालुओं ने किया स्वागत

PHOTON NEWS RANCHI : रविवार को सुबह नौ बजे राधा कृष्ण मंदिर मेट्रो गली रातु रोड से रामनवमी के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमे माता रानी की जीवंत झांकी के साथ साथ महिलायें कलश यात्रा के साथ साथ चल रही थी काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। यह शोभायात्रा राधा कृष्ण मंदिर से निकल कर कालोनी और रातु रोड के पास भ्रमण करते हुए मंदिर परिसर पहुंची।

इस बीच यात्रा के मार्ग पर श्री शिव बारात आयोजन महासमिति ने शोभा यात्रा का भव्य स्वागत किया। फूल माला पहना कर आयोजन समिति के लोगो को अंग

वस्त्र देकर तथा शोभा यात्रा में शामिल सभी भक्तों को आइसक्रीम और फल वितरण किया गया।

समिति में मुख्य रूप से राजेश कुमार साहू राजकुमार तलेजा दीपक नंदा सुभाषिश चटर्जी राजीव वर्मा राम सिंह उर्मिला चौधरी रागिनी साहू बदल सिंह मेहूल प्रसाद

धनबाद : कार पलटी, बर्थडे मनाने जा रहे छह युवक घायल, दो की हालत गंभीर

PHOTON NEWS DHANBAD : पुटकी थाना क्षेत्र के चिरूडीह में बाइक को बचाने के चक्कर में एक एसयूवी कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में छह लोग घायल हो गये, जिसमें दो की हालत गंभीर बतायी जा रही है। सभी घायलों को इलाज के लिए धनबाद के एसएनएमसीएच रेफर किया गया है। घटना रविवार की सुबह करीब लगभग 9:45 बजे

घटी। धनबाद-बोकारो मुख्य मार्ग में धनबाद के मनईटांड से महिंद्रा केयूवी 100 बीआर 02 पीए 7573 से छह युवक राम राज मंदिर चिटाही धाम जा रहे थे। चिरुडीह में एक बाइक सवार को बचाने के चक्कर में एसयूवी के चालक ने नियंत्रण खो दिया। जिससे गाड़ी पलट गई और लगभग 150 मीटर तक पलटी खाते हुये हिंदुस्तान कार सजावट दुकान के सामने खड़ी स्विफ्ट डिजायर कार में टक्कर मारते हुए एक बिजली के खंभे में जा टकराई।

हजारीबाग के मेडिकल कॉलेज का मामला : डिलीवरी के दौरान नवजात का सिर धड़ से अलग, परिजनों का आरोप

PHOTON NEWS HAZARIBAGH : हजारीबाग के एक अस्पताल में महिला की डिलीवरी के दौरान नवजात को सिर धड़ से अलग हो गया और उसकी मौत हो गई। इसके बाद दिव्यांग महिला की जान भी बड़ी मुश्किल से बच पाई। परिजन जब बच्चे को देखने के लिए जिद करने लगे तो आनन-फानन में अस्पताल कर्मियों ने नवजात के शव

सदमे से दुखी परिजन। • फोटोन न्यूज

को कपड़े में लपेटकर परिजनों को दे दिया। परिजनों ने जैसे ही बच्चे को गोद में लिया, उसका सिर नीचे गिर गया और धड़ हाथ में ही रह गया। इसके बाद महिला के परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया। बच्चे को उसी हालत में अंतिम संस्कार के लिए घर लेकर चले गए।

क्या है पूरा मामला : दरअसल, शेख बिहारी मेडिकल कॉलेज हजारीबाग में दो अप्रैल को जिले के दारू बासोबार गांव की एक दिव्यांग महिला निशा कुमारी प्रसव के लिए अस्पताल पहुंची थीं। जहां नर्सों ने प्रारंभिक जांच कर नॉर्मल डिलीवरी की बात कही। इसके बाद उसे प्रसूता रूम में ले जाया गया। परिजनों का आरोप है कि जहां प्रसव के दौरान बच्चे का धड़ बाहर आ गया, जबकि सिर अंदर ही रह गया। इसके बाद प्रसूता को आनन-फानन में दूसरे फ्लोर पर ले जाया गया, जहां बच्चे के सिर को पेट से निकाला गया।

मतदाताओं की ज्यादा से ज्यादा संख्या बढ़ाने लिए चुनाव आयोग कर रहा तरह-तरह के प्रयोग

मतदाताओं को जागरूक करो और इनाम पाओ

PHOTON NEWS JAMTARA : लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की ज्यादा से ज्यादा संख्या बढ़ाने लिए चुनाव आयोग तरह-तरह के प्रयोग कर रहा है। इसके लिए सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर, सोशल मीडिया पर पोस्ट करने वाले और डिजिटल कलाकार को भी इसमें शामिल किया जा रहा है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी कुमुद सहाय ने बताया कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय रांची द्वारा झारखंड वोटर अवेयरनेस कॉन्टेस्ट को 10 अप्रैल तक विस्तारित किया गया है। इसके तहत शॉर्ट फिल्म्स, म्यूजिक वीडियो, रील मेकिंग तथा पोस्टर मेकिंग जैसी चार कोटि निर्धारित की गई है। प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने के लिए विस्तृत जानकारी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है। सभी कोटियों में प्रविष्टियां प्राप्त होने के उपरांत मुख्यालय स्तर पर गठित निर्णायक मंडली द्वारा उनमें से बेहतर रचनाओं को चयनित करते हुए प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय को पुरस्कृत किया जाएगा। पुरस्कारों का निर्णय करते समय संबंधित प्रतिभागी के सोशल मीडिया इंगेजमेंट को भी आधार बनाया जाएगा।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी ने जिले के स्थानीय फिल्मकार, निर्देशक एवं सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर से अपील की है कि वह ज्यादा से ज्यादा संख्या में झारखंड वोटर अवेयरनेस कॉन्टेस्ट में हिस्सा लें और मतदान करने के लिए जिलावासियों को प्रेरित करें। इसके लिए वोटरों को प्रेरित करने वाले रिल्स, शॉर्ट फिल्म, म्यूजिक वीडियो, पोस्टर मेकिंग आदि बनाएं।

प्रवासी मजदूरों को डीसी ने लिखी चिट्ठी, कहा- चुनाव है, वोट देने आइए

RAMGARH : लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदाता शामिल हों, इसके लिए अलग-अलग तरीके से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इस बार प्रवासी मजदूरों को भी बुलाने की अपील की गई है। 'चिट्ठी आई है' अभियान के तहत रविवार को रामगढ़ डीसी चंदन कुमार ने प्रवासी मजदूर भाइयों के नाम एक चिट्ठी लिखी है। उस चिट्ठी में मतदान की तिथि का जिक्र करते हुए यह अपील की गई है कि वे वोट डालने अपने घर जरूर आएं। डीसी की यह चिट्ठी सभी बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) को उपलब्ध करा दी गई है। यह चिट्ठी लेकर बीएलओ उन घरों में जाएंगे, जिनके घर के सदस्य दूसरे राज्य में रहकर काम कर रहे हैं। उनके घर से ही वीडियो कॉल लगाया जाएगा और प्रवासी मजदूरों को डीसी की चिट्ठी दिखाई जाएगी।

रामगढ़ के 28 गांवों में जनसंपर्क कर मनीष जायसवाल ने मांगा समर्थन

108 वर्षीय वयोवृद्ध मतदाता से मिले, लिया आशीर्वाद

PHOTON NEWS RAMGARH : हजारीबाग लोकसभा के भाजपा उम्मीदवार मनीष जायसवाल घर-घर जाकर नरेंद्र मोदी द्वारा किए गए कार्यों के बारे में बता रहे हैं। रविवार को वह रामगढ़ के 28 गांव में जनसंपर्क कर भाजपा के लिए समर्थन मांगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 62 वर्षों में सिर्फ भ्रष्टाचार किया और देशवासियों को ठगा। लेकिन नरेंद्र मोदी की 10 वर्षों की सरकार ने भारत को विश्व के अग्रणी स्थान पर पहुंचाया है। भाजपा सरकार ने देशवासियों के जीवन स्तर को और ऊंचा किया है। देश और समाज के विकास के लिए भाजपा को वोट देना है।

इस दौरान रामगढ़ जिले के भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता और आजसू जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी ने संयुक्त रूप से कहा कि हमारा गठबंधन स्वाभाविक है। हजारीबाग और रामगढ़ की जनता इस लोकसभा का फूल भी नरेंद्र मोदी को समर्पित करेगी।

मनीष जायसवाल ने रविवार को रामगढ़ के ग्राम कोठार में बाबा साहेब डॉ भीम राव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अभियान शुरू किया। मुर्रामकला में पटेल छात्रावास में लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। ग्राम छत्तर मांडू में समाजसेवी बिरेन सिंह और छत्तर असना टोला में 108 साल की उम्र की अति वृद्ध मतदाता से मिलकर उनका कुशलक्षेम जाना और आशिर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने कोठार, छत्तर, असना टोला, लोधमा, कुंदुकलां पाहन टोला, कुंदुकलां केशरी टोला, कुरूम, बूढ़ा खोखरा, मुर्राम कलां, तेलीयातु, बरकाकाना चौक, घुटुआ, नया घूटवा, हेहल, अम्बाटांड़, चैनगढ़ा, नीचे टोला, नया नगर, रोबा कॉलोनी, सेंवटा रॉयल, सेंवटा, सेंवटा कोयला डिपो, बीआरएल कॉलोनी, रौता, मरार, मिश्रा टोला, बरवाटांड़, रांची रोड़ में जनसंपर्क और जनसंवाद कार्यक्रम चलाया।

BRIEF NEWS

ब्राउन शुगर के साथ महिला सहित तीन तस्कर गिरफ्तार

RANCHI : रांची के जगरनाथपुर थाना पुलिस ने ब्राउन शुगर के साथ एक महिला सहित तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों में अमित कुमार उर्फ बबलू, सुजीत कुमार उर्फ गोलू और सोनी हेला शामिल है। इनके पास से 13 ग्राम ब्राउन शुगर, एक डिजिटल तराजू,अल्युमिनियम फाइल का तीन टुकड़ा, पांच लाइटर, टूटा हुआ एक सिगरेट, चांदी का एक ब्रेसलेट, एक ब्राउन सुगर सूंघने वाला प्लास्टिक का सफेद रंग का छोटा पाईप, ब्राउन शुगर बिक्री किया हुआ 1460 रुपया बरामद किया गया है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने रविवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि जगरनाथपुर थाना क्षेत्र के न्यू कॉलोनी बड़का गढ़ तालाब शिव मंदिर के पास ब्राउन शुगर की खरीद बिकी की जा रही है। सूचना के बाद टीम का गठन कर एक महिला और दो पुरुष को गिरफ्तार किया गया।

एनटीपीसी ने 2025 में 40 एमएमटी कोयला उत्पादन का रखा लक्ष्य

RANCHI : भारत की अग्रणी एकीकृत बिजली कंपनी एनटीपीसी ने वित्त वर्ष 2025 के लिए अपनी कैप्टिव खदानों से 40 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) कोयला उत्पादन का लक्ष्य रखा है। महत्वाकांक्षी लक्ष्य एनटीपीसी को पिछले वित्त वर्ष की तुलना में कैप्टिव कोयला उत्पादन में 17 प्रतिशत की महत्वपूर्ण वृद्धि हासिल करने में मदद करेगा। इससे वित्त वर्ष 2025 में कैप्टिव खदानों के माध्यम से कोयले की 15 प्रतिशत से अधिक आवश्यकता पूरी हो जाएगी, जिससे बिजली प्रमुख के लिए ईंधन सुरक्षा मजबूत होगी। कंपनी ने 31 मार्च के अंत तक 34.15 एमएमटी का प्रभावशाली कोयला प्रेषण हासिल किया और कोयला उत्पादन 34.38 एमएमटी रहा। यह उत्कृष्ट प्रदर्शन एनटीपीसी की अपनी कैप्टिव खदानों से कोयला उत्पादन बढ़ाने और देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए कुशल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए अथक प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

सड़क दुर्घटना में मारे गए युवकों के परिजनों को डालसा ने की सहायता

RANCHI : रांची प्रेस क्लब के पास शनिवार की रात सड़क दुर्घटना में दो युवक की मौत हो गई थी। इस घटना को लेकर झारखंड उच्च न्यायालय के जस्टिस सह-कार्यपालक अध्यक्ष, झालसा सुजीत नारायण प्रसाद ने संज्ञान लिया है। उन्होंने जिला विधिक सेवा प्राधिकार को यह आदेश दिया है, कि वह तत्काल मृतक के परिवार से मिलकर आवश्यक सहायता प्रदान करें। जिसके बाद डालसा के अध्यक्ष न्याययुक्त दिवाकर पांडे ने डालसा सचिव को आदेश दिया कि अविलंब एक टीम गठित कर पीड़ित परिवार को विधिक सहायता उपलब्ध कराएं। डालसा सचिव ने एक टीम गठित की जिसमें राकेश रंजन सचिव डालसा, राजेश कुमार सिन्हा डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेन्स काउंसिल, पीएलबी अनिता देवी मृतक के परिवार से रिम्स अस्पताल में मुलाकात कर उन्हें दी जानेवाली विधिक सहायता एवं सरकारी योजनाओं के लाभ के संबंध में संपूर्ण जानकारी दी और विधिक सहायता एवं एमएसीटी एक्ट के तहत मुकदमा दाखिल करने के लिए विधिक सहायता की भी जानकारी दिया गया। डालसा के पीएलवी अनिता देवी के द्वारा मृतक के पोस्टमार्टम के लिए परिजनों को सहायता किया गया।

प्रखंड भवन निर्माण के लिए मिले 242.84 करोड़ रुपये का मांगा हिसाब

RANCHI : 13वें वित्त आयोग भारत सरकार द्वारा आवंटित सहायता अनुदान राशि से प्रखंड वन निर्माण के लिए आवंटित राशि का अभी तक पूरा हिसाब नहीं मिल पाया है। भारत सरकार ने 31 मार्च 2024 तक लंबित उपयोगिता प्रमाण पत्र जमा करने की अंतिम समय-सीमा तय की थी ओर झारखंड सरकार को इस संबंध में पत्र भी लिखा गया था। वित्त विभाग ने इसके बाद ग्रामीण विकास, पंचायती राज, कल्याण विभाग, श्रम विभाग, वन पर्यावरण विभाग, आइटी, पर्यटन, शहरी विकास, महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, उर्जा विभाग, ग्रामीण कार्य, जलसंसाधन सहित सभी विभागों को पत्र लिखकर लंबित उपयोगिता प्रमाण पत्र का हिसाब देने को कहा है। मिली जानकारी के अनुसार ग्रामीण विकास विभाग सहित अन्य विभागों ने अपने मातहत कार्यालय को हिसाब देने के लिए पत्र भी लिखा था। सिर्फ ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल के जरिए 2011-12 से 2014-15 के बीच करीब 242.84 करोड़ रुपये ब्लॉक बिल्डिंग निर्माण की राशि दी गयी थी।

एएचटीयू, नन्हे फरिश्ते व फ्लाइंग टीम की संयुक्त कार्रवाई

स्टेशन से सात नाबालिग बरामद, तीन तस्कर अरेस्ट

- ठेकेदार रियाज अंसारी के कहने पर बच्चों को ले जा रहे थे विजयवाड़ा
- ठेकेदार ने दिए थे पांच हजार रुपये
- सभी बच्चों के बनाए गए थे फर्जी आधार कार्ड

CRIME REPORTER RANCHI : हटिया स्टेशन से पुलिस ने रविवार को सात नाबालिग बरामद किये हैं। साथ ही तीन तस्करों को भी गिरफ्तार किया है। आरपीएफ पोस्ट हटिया की एएचटीयू, नन्हे फरिश्ते और रांची डिवीजन की फ्लाइंग टीम ने संयुक्त रूप से यह कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार, हटिया स्टेशन पर बाल और मानव तस्करी के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। सुबह करीब पांच बजे चेकिंग के क्रम में सात नाबालिग और तीन व्यक्ति प्लेटफार्म नंबर एक पर एस्केलेटर के नीचे ट्रेन का इंतजार कर रहे थे। संदेह होने पर सभी से पूछताछ की गयी। पूछताछ में पता चला कि सात नाबालिग के साथ तीनों लोग विजयवाड़ा जाने वाली ट्रेन (ट्रेन नंबर 18637 एक्सप्रेस) पकड़ने के लिए बस से हटिया रेलवे स्टेशन आये थे। पूछताछ में मानव तस्कर सुरेश कच्छप ने बताया कि वह ठेकेदार रियाज अंसारी के कहने पर ही बच्चों को लेकर विजयवाड़ा जा रहा था। उसके गांव में ठेकेदार का काम चल रहा था, रियाज ने ही सभी बच्चों को विजयवाड़ा स्थित इलेक्ट्रिक बोर्ड बनाने वाली कंपनी वायरस कंपनी में ले जाने को कहा था, इसके लिए उसे पांच हजार रुपये भी दिये गये थे। रियाज द्वारा सभी बच्चों के फर्जी आधार कार्ड भी बनाये गये थे।

सभी नाबालिगों को विजयवाड़ा ले जाने की थी तैयारी

पुलिस की पूछताछ में पकड़े गये तीन में से एक व्यक्ति सुनेश कच्छप ने बताया कि उसके गांव में ठेकेदार रियाज अंसारी का ट्रैक्टर का काम चल रहा था। वहां वह (सुनेश कच्छप) भी काम कर रहा था। बताया कि रियाज अंसारी को छह माह पहले विजयवाड़ा स्थित इलेक्ट्रिक बोर्ड बनाने वाली वायरस कंपनी में ले जाया गया। दो माह पहले वह गांव आया था। छह अप्रैल 2024 को ठेकेदार रियाज अंसारी ने उसको डाल्टेनगंज बस स्टैंड में बुलाया और इन सातों नाबालिग से परिचय कराया। सुनेश कच्छप ने बताया कि रियाज अंसारी ने उसको पांच हजार और सभी का फर्जी आधार कार्ड दिया। बताया कि रियाज अंसारी ने उसे सभी नाबालिगों को अपने साथ विजयवाड़ा ले जाने को कहा, जहां रियाज पहले काम करता था। बताया कि रियाज ने उसको कहा कि वहां पहुंचाने के बाद वह उसे और पांच हजार रुपये देगा। बताया कि उसके कहने पर ही सभी नाबालिग को वह डाल्टेनगंज से बस से हटिया स्टेशन लेकर आया। स्टेशन से जेनरल टिकट लेकर विजयवाड़ा जाने

वार रूम व सोशल मीडिया के पदाधिकारियों के साथ बैठक, मीर बोले

मेनिफेस्टो को सभी भाषाओं में अनुवाद कर लोगों तक पहुंचाएं

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने मीडिया, वार रूम और सोशल मीडिया के पदाधिकारियों के साथ रविवार को बैठक की। प्रदेश प्रभारी ने मीडिया विभाग के कार्यों का जायजा लिया और दिशा निर्देश भी दिए। कहा कि पांच न्याय 25 गारंटी और कांग्रेस के मेनिफेस्टो को समाज के सभी वर्गों तक पहुंचाएं। इसके लिए झारखंड में बोली और लिखे जाने वाली सभी भाषाओं में मेनिफेस्टो का अनुवाद करें। चुनाव के दौरान विभिन्न लोकसभा क्षेत्रों में व्यापक प्रचार प्रसार के लिए प्रदेश स्तर के प्रवक्ताओं की नियुक्ति प्रभारी के रूप में जिला व लोकसभा स्तर पर किया जाए। जिससे जिला और लोकसभा स्तर के प्रवक्ताओं से समन्वय स्थापित कर सकें।

चुनाव से पहले की तैयारी में मीडिया विभाग की भूमिका अहम : मीर ने कहा कि वर्तमान चुनाव अत्यंत महत्वपूर्ण है। मीडिया विभाग के सदस्यों की भूमिका चुनाव के दौरान तो महत्वपूर्ण है, लेकिन चुनाव के पहले की तैयारी मीडिया विभाग से जुड़े नेताओं पर ही होती है। आज के दौर में अपनी बातों को जनता तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम मीडिया ही है। जनता के साथ सीधा संवाद इसी माध्यम से होता है। यही कारण है कि मोदी सरकार के खास नुमाइंदों ने पिछले एक दशक के दौरान येन केन-प्रकारेन विभिन्न माध्यमों से लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर कब्जा करने की कोशिश की, इसमें वह काफी हद तक सफल भी रहे।

बैठक करते झारखंड कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर।

लोकतंत्र के चौथे स्तंभ का सहयोग बेहतरीन ढंग से लें : राजेश ठाकुर

प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि चुनावी जंग का मैदान तैयार है। जंग जीतने के लिए हर हथियार का इस्तेमाल किया जाता है, परंतु लोकतंत्र में जनता की आवाज को हुकूमत तक पहुंचाने का बेहतरीन और सशक्त हथियार मीडिया ही है। हम अपनी बातों को,कांग्रेस के मेनिफेस्टो को पांच न्याय 25 गारंटी को जितने बेहतर तरीके से मीडिया के माध्यम से जनता तक पहुंचा सकते हैं, उसे बेहतर माध्यम और कोई नहीं हो सकता। यह जरूरी है कि संविधान बचाने की इस लड़ाई में हम लोकतंत्र के चौथे स्तंभ का सहयोग बेहतरीन ढंग से लें। मोदी सरकार की करगुजारियों से न सिर्फ जनता बल्कि लोकतंत्र का हर स्तंभ परेशान व नाराज है और शायद यही वजह है कि भाजपा आने वाले चुनाव के परिणामों को लेकर सशंकित है।

25 मई को रांची में पड़ेंगे वोट, मतदाता सूची में जरूर दर्ज कराएं अपना नाम

वोटर जागरूकता कार्यशाला में लोगों ने ली मतदान करने की शपथ

लोगों को मतदान संबंधी जानकारी देते रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा।

PHOTON NEWS RANCHI : रविवार को झारखंड की राजधानी रांची में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर स्वीप के तहत मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन मोरहाबादी स्थित आर्यभट्ट सभागार में किया गया? इसमें जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा, प्रशासक, नगर निगम अमित कुमार, नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग सह उपविकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव, अनुमण्डल पदाधिकारी रांची सदर उत्कर्ष कुमार एवं रांची जिला के विभिन्न रेसीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव मौजूद थे। कार्यशाला के दौरान सर्वप्रथम नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग सह उपविकास आयुक्त, रांची दिनेश कुमार यादव द्वारा चुनाव प्रक्रिया से संबंधित कई आवश्यक जानकारी दी गई। मताधिकार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि मतदान दिवस पर पेड लीव की व्यवस्था की गई है। सभी लोग पोलिंग डे पर बूथ पर पहुंचे इसे लेकर उन्हें जागरुक करें और ज्यादा से ज्यादा लोगों के नाम मतदाता सूची में दर्ज कराएं। कार्यशाला के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त ने उपस्थित लोगों को चुनाव से संबंधित कई जानकारियां दी। उन्होंने कहा कि 25 मई 2024 को रांची लोकसभा क्षेत्र में वोट डाले जायेंगे। मतदान से पहले संबंधित बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाता पर्ची का वितरण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जिस तरह से हम एग्जाम के एक दिन पहले परीक्षा केन्द्र देखने जाते हैं, उसी तरह मतदाता सूची मिलने के बाद मतदान से पहले अपनी सहूलियत के लिए अपना बूथ जरुर देख लें।

ब्राउन शुगर कारोबार का खुलासा, कुख्यात जुबेर समेत चार अरेस्ट

RANCHI : लोकसभा चुनाव मद्देनजर विधि व्यवस्था और शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस ने कमर कस ली है। इसी कड़ी में अवैध शराब, आग्नेयास्त्र और मादक पदार्थ की बरामदगी के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। एसएसपी चंदन सिन्हा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर सिटी एसपी राजकुमार मेहता के निर्देश पर कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने कार्रवाई की। इस दौरान ब्राउन शुगर के कारोबार से जुड़ा कुख्यात जुबेर समेत चार अपराधियों की गिरफ्तार हुई। सभी को सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के न्यू मार्केट स्थित ऑटो बस स्टैंड से गिरफ्तार किया है। जिनमें मो। जुबेर, रोहित ठाकुर, सुजीत गुप्ता और तरुण कुमार पांडेय शामिल हैं। इनके पास से पुलिस ने 11.5 ग्राम ब्राउन शुगर और कई मोबाइल फोन बरामद किये हैं। ये सभी ब्राउन शुगर को अवैध खरीद बिक्री के लिए बिहार से लेकर आ रहे थे। गिरफ्तार लोगों में जुबैर के खिलाफ 16, रोहित के खिलाफ छह और सुजीत के खिलाफ पांच मामले पूर्व से दर्ज हैं।

प्रमोद मिश्रा के सहयोगी अनिल यादव से एनआईए कर रही पूछताछ

CRIME REPORTER RANCHI : भाकपा माओवादी के पोलित ब्यूरो सदस्य प्रमोद मिश्रा के सहयोगी नक्सली अनिल यादव से एनआईए पूछताछ कर रही है। अनिल यादव मूल रूप से बिहार के गया जिले के लुटुआ गांव का रहने वाला है। बता दें कि बिहार पुलिस ने रितेश विद्यार्थी के भाई रोहित विद्यार्थी को गिरफ्तार कर पूछताछ की थी। इस दौरान रोहित विद्यार्थी ने पुलिस को बताया था कि प्रमोद मिश्रा गया जिले का लुटुआ गांव आने वाला है। सूचना के आधार पर बिहार पुलिस ने 9 अगस्त 2023 को पोलित ब्यूरो सदस्य और एनआरबी (उत्तरी क्षेत्रीय ब्यूरो) के प्रभारी प्रमोद मिश्रा और अनिल यादव को गिरफ्तार कर लिया था। प्रमोद मिश्रा की गिरफ्तारी के बाद बिहार पुलिस ने हथियार, गोला-बारूद और एक बंदूक फैक्ट्री का भी भंडाफोड़ किया था। जिसे बिहार और यूपी में हथियारों की सप्लाई करने और देसी हथियारों को इकट्ठा करने के लिए स्थापित किया गया था। एनआईए जांच से संकेत मिले हैं कि कई फ्रंटल संगठनों और छात्र विंगों को भारत सरकार के खिलाफ युद्ध छेड़ने के इरादे से कैडरों को प्रेरित करने, भर्ती करने और माओवादी की विचारधारा का प्रचार करने का काम सौंपा गया था। वे इस एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए आतंक और हिंसा की साजिश रच रहे थे। जांच से यह भी पता चला है कि प्रमोद मिश्रा और अनिल यादव भाकपा माओवादी संगठन को पुनर्जीवित करने के प्रयासों में माओवादी के कैडरों व समर्थकों और ओवर ग्राउंड वर्कर्स का नेतृत्व कर रहे थे।

मुख्य सचिव का बनाया फेक वाट्सएप अकाउंट

RANCHI : झारखंड पुलिस साइबर अपराध को रोकने का लगातार प्रयासरत है, लेकिन इस पर लगाम नहीं लग पा रहा है। साइबर गिरोह के लोग ठगी करने के लिए एक से बढ़कर एक तरीके निकाल रहे हैं। हद तो उस वक्त हो गयी जब साइबर अपराधियों ने झारखंड के मुख्य सचिव एल। ख्यांग्ते का फेक वाट्सएप अकाउंट बनाकर ठगी करने का प्रयास किया। साइबर अपराधियों ने 8604244052 नंबर से मुख्य सचिव एल। खियांग्ते के नाम से फेक वाट्सएप अकाउंट बनाकर आम लोगों से ठगी का प्रयास कर रहे हैं। फेसबुक और वाट्सएप अकाउंट से फोटो चोरी कर साइबर अपराधी फेक प्रोफाइल बनाते हैं। इस फर्जी प्रोफाइल के जरिये वो यूजर्स के जानने वालों से पैसों की मांग करते हैं। कई बार अपराधी फेसबुक को हैक कर भी यूजर के प्रोफाइल को इस्तेमाल कर लेते हैं और यूजर को इसकी भनक भी नहीं लगती है। सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल कर साइबर अपराधी विदेशी या किसी अनजान नंबर से वाट्सएप पर फेक प्रोफाइल तैयार कर जानने वालों से राशि की मांग करते हैं।

मुक्ति संस्था ने रिम्स के 43 अज्ञात शवों का किया अंतिम संस्कार

PHOTON NEWS RANCHI : मुक्ति संस्था की ओर से रविवार को रांची स्थित जुमार नदी के तट पर 43 अज्ञात शवों का पूरे विधि विधान से अंतिम संस्कार किया गया। संस्था के सदस्य रिम्स रांची के मोर्चरी गृह से अज्ञात शवों को निकालकर जुमार नदी के तट पर लेकर आए। इस दौरान संस्था के अध्यक्ष प्रवीण लोहिया ने अज्ञात शवों को मुखाग्नि दी। प्रवीण लोहिया ने बताया कि मुक्ति संस्था द्वारा अबतक कुल 1723 अज्ञात शवों का अंतिम संस्कार किया गया है। अंतिम अरदास परमजीत सिंह टिंकू ने की। मौके पर संस्था के अन्य सदस्य रवि अग्रवाल, रतन अग्रवाल, आशीष भाटिया, हरीश नागपाल, आदित्य राजगढ़िया, केवल किशोर, राजेश विजयवर्गीय, सुनील अग्रवाल, सुदर्शन अग्रवाल सहित अन्य भी उपस्थित थे।

झारखंड में 6021 गैर जमानती वारंट पेंडिंग

RANCHI : चुनाव आयोग के निर्देश के बाद भी झारखंड में 6021 गैर जमानती वारंट पेंडिग है। 1 अप्रैल तक मात्र 176 गैर जमानती वारंट का ही निष्पादन किया गया है। सोमवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी इसको लेकर विडियो काफ्रेंसिग के माध्यम से समीक्षा करेगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने इस बाबत सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, एसएसपी और एसपी को पत्र भेजा है। पत्र में बताया गया है कि 1 अप्रैल तक 176 गैर जमानतीय वारंट का निष्पादन किया गया है। परन्तु अभी भी 6021 गैर जमानतीय वारंट अनिष्पादित है। काफी बड़ी संख्या में गैर जमानती वारंट के लंबित रहने के कारण इनका त्वरित निष्पादन के लिये आयोग से निदेश प्राप्त है। अपने-अपने जिले से संबंधित गैर जमानतीय वारंट से संबंधित सभी मामलों का विस्तृत विवरणी के साथ उक्त बैठक में भाग लेना सुनिश्चित करेंगें।

नशे के कारोबार पर झारखंड पुलिस करेगी चौतरफा हमला, पांच जिलों में खुलेगा नारकोटिक्स थाना

CRIME REPORTER RANCHI : झारखंड में बड़े पैमाने पर अफीम की फसल उगाई जाती है। इस वजह से झारखंड ड्रग्स के कारोबार का एक प्रमुख क्षेत्र बनता जा रहा है। ऐसे में नशे के सौदागरों पर नकेल कसने के लिए अब झारखंड के 5 जिलों में नारकोटिक्स थाना खोलने की कवायद शुरू कर दी गई है। झारखंड सीआईडी के डीजी अनुराग गुप्ता ने बताया कि नशे के सौदागरों का प्रभाव लगातार बढ़ रहा है। खासकर झारखंड का चतरा जिला तो ड्रग्स कारोबार का हब बन गया है। ऐसे में झारखंड के चतरा, हजारीबाग, खूंटी, रांची और जमशेदपुर में नारकोटिक्स थाने खोले जाएंगे। सीआईडी मुख्यालय के द्वारा इसकी तैयारी भी शुरू कर दी गई है। इसी साल झारखंड के 5 जिलों में नारकोटिक्स थाने अपना काम करना शुरू कर देंगे। झारखंड में फिलहाल नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो का जोनल ऑफिस कार्य कर रहा है, जो सीधे एमएचए को रिपोर्ट करता है। अगर झारखंड में भी पांच नारकोटिक्स थाने खुल जाते हैं तो नशे के सौदागरों के खिलाफ कार्रवाई का ग्राफ भी बढ़ेगा साथ ही साथ उनको सजा दिलवाने के ग्राफ में भी इजाफा होगा। सीआईडी डीजी अनुराग गुप्ता ने बताया कि नारकोटिक्स थाने में योगदान देने वाले अफसरों को विशेष रूप से ट्रेंड किया जाएगा।

जांच के लिए स्पेशलाइज्ड पुलिस अफसरों की जरूरत

सीआईडी डीजी अनुराग गुप्ता ने बताया कि सीआईडी मुख्यालय के द्वारा सभी संबंधित जिलों के आईजी और डीआईजी को निर्देश दिया गया है कि वह अपने-अपने जिलों के एसपी को निर्देश दे कि वे नारकोटिक्स थाना खोलने के संबंध में प्रस्ताव तैयार कर भेजें ,ताकि आगे की कार्रवाई की जा सके। सीआईडी के अधिकारियों के अनुसार झारखंड के पांच जिलों में सबसे अधिक ड्रग्स का कारोबार होता है। इस कारण इन जिलों के विभिन्न थानों में सबसे अधिक एनडीपीएस अधिनियम के केस दर्ज होते हैं। एनडीपीएस अधिनियम में दर्ज केस में जब्त नशा के समान के साथ-साथ इसकी जांच बेहद अहम होती है, इसलिए ऐसे मामलों के अनुसंधान के लिए स्पेशलाइज्ड पुलिस अफसरों की जरूरत होती है।

रांची में सरहुल पर्व की तैयारी में जुटे आदिवासी संगठनों के लोग

बेहतर झांकी निकालने वाले को मिलेगा एक लाख का इनाम

- सरहुल का पर्व आदिवासी समुदाय के लिए काफी महत्वपूर्ण : अजय तिर्की
- फर्स्ट प्राइज एक लाख, सेकेंड प्राइज 50 हजार व तीसरे नंबर पर रहने वाले को मिलेंगे 25 हजार रुपये

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड में आदिवासियों का प्रमुख पर्व सरहुल की तैयारी इन दिनों जोर-शोर से चल रही है। राजधानी रांची की बात करें तो सरहुल को लेकर आदिवासी संगठनों की ओर से विशेष तैयारी की जा रही है। रांची में केंद्रीय सरना समिति ने इस बार सरहुल जुलूस में बेहतर झांकी निकालने वाले खोड़ा दल को एक लाख का नगद इनाम देने की घोषणा की है। इस संबंध में केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की ने कहा कि सरहुल का पर्व आदिवासी समुदाय के लिए काफी महत्वपूर्ण है। यह पर्व आदिवासियों के लिए नया साल लेकर आता है और इस पर्व में लोग अपने पर्यावरण और वातावरण को स्वच्छ रखने का प्रण लेते हैं। इसलिए इस बार सरहुल पर्व पर लोगों के उत्साह को बढ़ाने के लिए केंद्रीय सरना समिति के तरफ से इनाम की घोषणा की गई है। जिसमें फर्स्ट प्राइज एक लाख के रूप में दिया जाएगा, सेकेंड प्राइज 50 हजार रुपए और तीसरे नंबर पर रहने वाले खोड़ा दल को 25 हजार रुपए का नगद इनाम दिया जाएगा।

रांची के विभिन्न स्थानों से निकाली जाएंगी झांकी

मालूम हो कि राजधानी रांची के विभिन्न इलाकों से निकलने वाली झांकी सिरम टोली के सरना स्थल पहुंचती है और वहां पर आदिवासी समाज के पाहन (मुख्य पुजारी) पारंपरिक तरीके से पूजा-पाठ कर लोगों के बीच प्रसाद का वितरण करते हैं।

इस वर्ष एक से बढ़कर एक झांकी निकाली जाएगी : केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की ने बताया कि इस बार की झांकी में छत्तीसगढ़ के हसदेव जंगल की अवैध कटाई, पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के जेल जाने की घटना प्रदर्शित की जाएगी। इसके अलावा भी समाज में रह रहे आदिवासियों से जुड़े विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर भी झांकी निकाली जाएगी।

सरहुल पर्व पर जल, जंगल और जमीन की रक्षा का लेंगे संकल्प : गौरतलब है कि सरहुल में आदिवासी समाज के लोग पारंपरिक लोकगीत और मांदर की थाप पर नाचते-गाते हैं। इस दिन आदिवासी समाज के लोग जल, जंगल और जमीन की रक्षा करने का संकल्प लेते हैं।

टैंकरों से जलापूर्ति अधिक से अधिक कराएं : ख्यांग्ते

PHOTON NEWS RANCHI : मुख्य सचिव एल ख्यांग्ते ने बढ़ती गर्मी को देखते हुए सभी नगर निकायों को पेयजल संकट के समाधान के लिए टास्क फोर्स बनाने का निर्देश दिया है। वहीं, राज्य एवं स्थानीय स्तर पर कंट्रोल रूम बना कर टोल फ्री नंबर जारी करने को कहा है, ताकि किसी जगह पानी की समस्या हो तो लोग इसके जरिये अपनी समस्या रख सकते हैं। मुख्य सचिव ने टैंकरों से जलापूर्ति अधिक से अधिक कराने को कहा है। नये टैंकरों की खरीद के लिए जल्द टेंडर की प्रक्रिया संपन्न कराने का भी निर्देश दिया है। विगत दिनों वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भी ये बातें उन्होंने सभी निकायों को कही थी। मुख्य सचिव ने इसके अलावा चापाकलों की मरम्मत युद्ध स्तर पर कराने को कहा है। इसके लिए नगर विकास राशि उपलब्ध करायेगा। राज्यभर के जलाशयों, जल स्त्रोतों को अतिक्रमण मुक्त कराकर उन्हें विकसित करने का भी निर्देश उन्होंने दिया है। रांची नगर निगम को जलापूर्ति के लिए अतिरिक्त 20 टैंकर और खरीद की स्वीकृति भी दी गयी है। मुख्य सचिव ने नगर विकास एवं पेयजल विभाग को आपस में समन्वय कर पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने को कहा है।

BRIEF NEWS

परमहंस लक्ष्मीनाथ गोस्वामी मंदिर में लगा स्वास्थ्य शिविर

JAMSHEDPUR : खरकई लिंक रोड, बिष्टुपुर स्थित परमहंस लक्ष्मीनाथ गोस्वामी समिति मंदिर के सभागार में रविवार को नारायण हृदयालय के सहयोग से निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया, जिसमें प्रतिष्ठित चिकित्सकों द्वारा ब्लड प्रेशर, शुगर, हार्ट, ईसीजी, मैमोग्राफी, वजन आदि का चेकअप किया गया 182 लोगों ने इस शिविर का लाभ उठाया। इस अवसर पर अतिथि के रूप में रघुनाथ पांडेय, समाजसेवी विकास सिंह, शिवशंकर सिंह, डॉ उमेश खां, वरिष्ठ पत्रकार भवानंद झा, विजय शंकर मिश्र, श्रीनिवास, शंकर पाठक, पूर्व अध्यक्ष सरोज मिश्रा आदि मौजूद थे, जबकि शिविर को सफल बनाने में अध्यक्ष मानस कुमार मिश्रा, चंद्रशेखर झा, कार्यकारी अध्यक्ष संतोष ठाकुर, सदाशिव झा, मोहन चंद्र झा, सुररंजन राय, रमन चौधरी आदि सक्रिय रहे।

साकची गोलचक्कर पर आप कार्यकर्ताओं ने रखा उपवास

JAMSHEDPUR : दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने रविवार को साकची गोलचक्कर पर उपवास रखा। जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष अभिषेक कुमार के नेतृत्व में सामूहिक उपवास के दौरान कार्यकर्ताओं ने असंवैधानिक तरीके से 21 मार्च को गिरफ्तार हुए केजरीवाल को तुरंत रिहा करने की मांग की। अपने संबोधन में अभिषेक कुमार ने कहा कि तानाशाही के खिलाफ आज पूरा देश एकजुट है। इससे पहले आप ने 26 मार्च को भी देशभर में प्रदर्शन किया था। उन्होंने आगे कहा कि भारत के 25 राज्यों की राजधानी, जिला, ब्लॉक मुख्यालय और अपने गांव-कस्बे में लोग सामूहिक उपवास कर केजरीवाल को अपना समर्थन दे रहे हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश उपसंयोजक प्रेम कुमार और प्रदेश संयुक्त सचिव रईस अफरीदी भी शामिल हुए।

तीन दिवसीय निशुल्क प्राकृतिक चिकित्सा शिविर शुरू

JAMSHEDPUR : चंदूलाल भालोटिया सोशल वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से साकची आमबागान स्थित अग्रसेन भवन में तीन दिवसीय निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें लोगों के कमर दर्द व घुटना दर्द का राजस्थान के उदयपुर के कंचन सेवा संस्थान के आठ डॉक्टरों व टेक्निशियन की टीम बिना ऑपरेशन के प्राकृतिक चिकित्सा से निशुल्क इलाज कर रहे हैं। शिविर का उद्घाटन रविवार को ट्रस्ट के ट्रस्टी व सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के पूर्व अध्यक्ष अशोक भालोटिया, रमेश भालोटिया, अशोक मोदी, अजय भालोटिया, अभिषेक भालोटिया ने किया। शिविर में 102 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया है, जिनका कमर व घुटना दर्द से संबंधित बीमारी का प्राकृतिक इलाज किया जाएगा। इस मौके पर बजरंग लाल अग्रवाल, अरुण गुप्ता, बालमुकुंद गोयल, अरुण बाकरेवाल, उमेश शाह, अशोक चौधरी, सिंहभूम चैंबर के अध्यक्ष विजय आनंद मूनका, विनय मित्तल, संदीप मुरारका, अजय भालोटिया, विश्वनाथ शर्मा आदि भी मौजूद थे।

चक्रधरपुर में नकली शराब फैक्टरी का भंडाफोड़, चार लोग हिरासत में

PHOTON NEWS CHAIBASA : पुलिस ने चक्रधरपुर के म्युनिसिपलिटी हरिजन बस्ती क्षेत्र में नकली शराब बनाने की मिनी फैक्टरी का भंडाफोड़ किया है। यहां से पुलिस ने भारी मात्रा में बड़े-बड़े ब्रांड के नकली शराब से भरी बोतलें बरामद की हैं। साथ ही नकली शराब बनाने के तमाम सामानों की भी बरामदगी हुई है। जिन सामानों की बरामदगी हुई है उसमें झारखंड सरकार का शराब की बोतलों में लगने वाला स्टीकर भी शामिल है। पुलिस ने इस मामले में चार लोगों को हिरासत में लिया है और चारों से पूछताछ की जा रही है।

नकली शराब फैक्ट्री। ● फोटोन न्यूज

चक्रधरपुर के एएसपी पारस राणा ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि चक्रधरपुर के म्युनिसिपलिटी हरिजन बस्ती क्षेत्र में एक मकान में नकली शराब बनाई जा रही है। इस सूचना पर पुलिस ने छापामारी टीम का गठन किया और रविवार सुबह संदिग्ध मकान में पुलिस ने छापामारी की। छापेमारी में पुलिस ने मकान के तीन कमरों से भारी मात्रा में नकली शराब से भरी बोतलें बरामद की। इसके अलावा पुलिस ने नकली शराब बनाने के लिए प्रयोग में लायी जा रही बोतलें, ढक्कन, पैकिंग का औजार, बड़े-बड़े ब्रांडेड शराब के रेपर, शराब की बोतलों में लगने वाला झारखंड सरकार का स्टीकर सहित अन्य सामग्री बरामद की है।

साकची बाजार की सड़कों को जाम व अतिक्रमण मुक्त रखने की जरूरत: भाजमो

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : भारतीय जनतंत्र मोर्चा, जमशेदपुर महानगर के पदाधिकारियों ने रविवार को साकची बाजार का दौरा कर दुकानदारों से संवाद किया। भाजमो नेताओं ने दुकानदारों से बाजार में व्याप्त समस्याओं की जानकारी हासिल की। इस दौरान दुकानदारों ने बाजार में प्रवेश की सभी सड़कों में हो रहे जाम और अव्यवस्था की समस्या बताई। उन्होंने किसी आपातकालीन घटना के समय अग्निशमन वाहन, एंबुलेंस सहित अन्य आपातकालीन वाहनों के बाजार के भीतर प्रवेश न हो पाने की

प्रबल संभावना पर चिंता जाहिर की और बाजार को बैरिकेडिंग से मुक्त रखने की जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं होने से बाजार में कभी भी आगजनी अथवा कोई अप्रिय घटना के दौरान भगदड मच सकती है और बड़ा हादसा हो सकता है।

भाजमो नेताओं ने आश्वस्त किया कि जल्द ही जिला प्रशासन के समक्ष बाजार की वस्तुस्थिति को रखकर दुकानदारों की समस्याओं से अवगत कराया जाएगा। साकची बाजार प्रवेश के सभी मार्गों को जाम मुक्त रखने व बाजार प्रवेश को बैरिकेडिंग फ्री रखने के लिए भी प्रशासन से कहा जाएगा।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव, आल मार्केट एसोसिएशन के अध्यक्ष हरविंदर सिंह मंटू, भाजमो महामंत्री कुलविंदर सिंह पन्नु, उपाध्यक्ष चंद्रशेखर राव, मंत्री विकास गुप्ता, प्रवक्ता व व्यवसायिक प्रतिनिधि आकाश शाह, त्रिलोचन सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

काव्य कलश में याद किए गए माखनलाल चतुर्वेदी

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : बिष्टुपुर स्थित तुलसी भवन में सिंहभुम जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन, तुलसी भवन द्वारा मासिक काव्य कलश का आयोजन किया गया, जिसमें माखनलाल चतुर्वेदी की जयंती भी मनाई गई। सबसे पहले अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर माता सरस्वती एवं माखनलाल चतुर्वेदी के चित्र पर पुष्प अर्पित किया। डॉ. वीणा पांडेय भारती ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की, जबकि नीता सागर ने माखनलाल चतुर्वेदी के जीवन पर प्रकाश डाला। इसी क्रम में काव्य कलश आरंभ हुआ, जिसमें अजय प्रजापति, कैलाश नाथ गाजीपुरी, सुरेश चंद्र झा, वीना कुमारी, ब्रजेंद्रनाथ मिश्र, राजेंद्र सिंह, रीना सिन्हा, शिवनंदन सिंह, सविता सिंह मीरा, आरती श्रीवास्तव, निवेदिता श्रीवास्तव, ममता कर्ण, नीलांबर चौधरी, वीणा पांडेय भारती, नीता सागर चौधरी, मंजू कुमारी,

दिव्येंदु त्रिपाठी, उमा पांडेय, चंदा कुमारी, उषा झा, रीना गुप्ता, पूनम महानंद, माधुरी मिश्रा, शकुंतला शर्मा, वसंत जमशेदपुरी आदि ने अपनी कविता सुनाई।

मानद महासचिव प्रसेनजित तिवारी ने माधुरी मिश्रा को श्री साहित्य कुंज, रांची द्वारा सम्मानित होने के उपलक्ष्य में शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुभाष चंद्र मूनका ने की, जबकि स्वागत भाषण साहित्य समिति के अध्यक्ष डॉ. प्रसेनजित तिवारी और संचालन अशोक पाठक स्नेही ने किया। धन्यवाद ज्ञापन कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. यमुना तिवारी व्यथित ने किया।

उपायुक्त अनन्य मित्तल पहुंचे आशियाना गार्डेन लोगों से किया मतदान प्रतिशत बढ़ाने का आग्रह

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : पूर्वी सिंहभूम के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल रविवार शाम को सोनारी स्थित आशियाना गार्डन पहुंचे, जहां उन्होंने कॉलोनीवासियों से बढ़-चढ़ कर मतदान करने और मतदान प्रतिशत बढ़ाने का आग्रह किया।

आशियाना गार्डेन में उपायुक्त व अन्य। ● फोटोन न्यूज

उपविकास आयुक्त मनीष कुमार ने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा अपनाए गए विभिन्न तरीकों को पावरप्वाइंट से बताया। वहीं, उपायुक्त ने अपने संबोधन में मतदाता सूची का महत्व बताया और सभी से इस सूची में अपने नाम का सत्यापन करने और जरुरत पड़ने पर वोटर हेल्पलाइन 1950 की सहायता लेने का आग्रह किया। उपायुक्त ने उपस्थित लोगों के सवालों का भी संतोषप्रद उतर दिया और सभी लोगों को आने वाले चुनाव में वोट देने की शपथ भी दिलाई। इसी क्रम में उपायुक्त और वहां के निवासियों ने मतदाता जागरूकता के संदेश को गुब्बारों के साथ बांधकर आसमान में उड़ाकर जागरूकता अभियान का आरंभ किया। इस अभियान में हजारों दीपक जलाकर भी मतदाता को जागरूक होने का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर उपायुक्त के साथ जिला परिवहन अधिकारी धनंजय कुमार, सहकारिता पदाधिकारी आशा टोप्पो, बाल विकास परियोजना अधिकारी दुर्गेश नंदिनी, बूथ लेवल आफिसर रीना यादव, आशियाना गार्डेन ओनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश सोंथालिया, संयुक्त सचिव सीए अशोक बिहानी, कोषाध्यक्ष सीए रमाकांत गुप्ता, सहायक सचिव अनिल गोगना और पियोना घोष के अलावा सोसाइटी के करीब 250 लोग उपस्थित थे।

राष्ट्र निर्माण में सहयोग करें युवा : पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : कोलकात्ता के न्यू टाउन स्थित आचार्य महाप्रज्ञ महाश्रमण एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन के सभागार में शुक्रवार को वनबंधु परिषद (एफटीएस) की युवा इकाई द्वारा तीन दिवसीय राष्ट्रीय कॉन्क्लेव अभिज्ञ की शुरूआत की गई। एफटीएस युवा जमशेदपुर की अध्यक्ष रश्मि गर्ग ने बताया कि प्रथम सत्र में जाने माने वक्ता पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ ने अपने चिर परिचित अंदाज में भारत के इतिहास, वर्तमान एवं भविष्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने कई पहलुओं पर बात की एवं युवाओं से राष्ट्रनिर्माण में सहयोग देने की अपील की। उन्होंने सभी से स्वहित से ऊपर उठकर देश हित में वोट डालने

की अपील की। तत्पश्चात प्रसिद्ध भजन 'राम आएंगे' की गायिका स्वाति मिश्रा ने अपने राम भजनों से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। इस आयोजन में देश भर से लगभग 600 एफटीएस सदस्य शामिल हुए, जिनमें एफटीएस, जमशेदपुर के अध्यक्ष अधिवक्ता राजेश मित्तल, सचिव अभिषेक गर्ग, युवा एफटीएस के सचिव अधिवक्ता पीयूष चौधरी, महिला समिति से जयश्री गोयल, नीलम केडिया, शुभा कांवटिया, ममता बाकरेवाल आदि थे।

नौ को आयोजित होगा हिंदू नववर्ष समारोह

PHOTON NEWS ROURKELA : राष्ट्रीय नववर्ष आयोजन समिति द्वारा सेक्टर 2 में इस वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा (9 अप्रैल) को दूसरी बार हिंदू नववर्ष मनाने जा रही है। इसे लेकर सेक्टर 2, एनएएसी मार्केट स्थित राधाकृष्ण मंदिर प्रांगण में आयोजित प्रेस वार्ता में समिति के अध्यक्ष हरकृष्ण माझी, संपादक समाजपति राय एवं कोषाध्यक्ष हनुमान गोयल ने प्रमुख पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि समिति ने भारत वर्ष की महान परंपरा को अक्षुण्ण रखने के लिए एक उस दिन सप्त महायज्ञ का आयोजन किया है।

यह नववर्ष वैज्ञानिक, सामाजिक, आध्यात्मिक एवं धार्मिक दृष्टि से पूर्ण एवं सिद्ध है। स्थानीय कीर्तन मंडली द्वारा नाम यज्ञ, सप्त महायज्ञ , गायत्री परिवार द्वारा घृत यज्ञ, भारतमाता के निकट दीप यज्ञ, सेवा भारती द्वारा सेवा यज्ञ, समिति द्वारा गीता यज्ञ, ज्ञान यज्ञ, अन्न यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। सेवा यज्ञ में निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर के साथ-साथ रक्तदान शिविर भी आयोजित किया जाएगा। गीता यज्ञ में शामिल होने वाले हिंदू परिवारों को 500 श्रीमद्भागवत गीता पुस्तकें वितरित की जाएंगी। प्रेस वार्ता में बताया गया कि नववर्ष का यह कार्यक्रम उक्त मंदिर के पास सुबह 6:00 बजे शुरू होगा और दोपहर 12:30 बजे अन्न यज्ञ पर समाप्त होगा। संस्थान की ओर से बड़ी संख्या में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गयी है। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में अन्य लोगों के अलावा यश मिश्रा, सुब्रत बल, कल्याण कुमार स्वाई, बनबिहारी जेना, भागवत सतपथी, गिरिजा शंकर स्वाई, अमित चौधरी, स्मृति रंजन मिश्र, नितेश साहू, राहुल मिश्र प्रमुख रूप से उपस्थित रहे और संचालन में सहयोग किया।

राउरकेला में सफाई बेहतर बनाने के लिए दी गई ट्रेनिंग

ROURKELA : राउरकेला शहर में स्वच्छता प्रबंधन प्रणाली को बेहतर बनाने और सुव्यवस्थित करने के लिए आरएमसी द्वारा लगाए गए स्वयंसेवकों के साथ एक बैठक आयोजित की गई। स्वयंसेवकों को शहर की स्वच्छता का अधिक ध्यान रखने, ठोस अपशिष्ट संग्रहण के पृथक्करण पर ध्यान देने और उपयोगकर्ता कर के समय पर भुगतान पर ध्यान देने की सलाह दी गई।

नहीं रहे उर्दू के अदीब-व-शायर राशिद अनवर राशिद, मुंबई में हुआ निधन

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : उर्दू के प्रसिद्ध साहित्यकार एवं शायर डॉ राशिद अनवर राशिद का देहांत हो गया। उन्होंने मुंबई के एक अस्पताल में इलाज के दौरान सुबह 8:00 बजे अंतिम सांस ली। राशिद अनवर राशिद उर्दू विभाग अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में एसोसिएट प्रोफेसर थे। वे उर्दू के एक महान लेखक और शायर थे। उन्होंने अपनी आयु से बढ़कर उर्दू में लेख, काव्य रचनाएं तथा किताबें लिखीं। उनका ताल्लुक जमशेदपुर से बहुत गहरा था। डॉ राशिद हमारी साहित्यिक संस्था उर्दू भवन जमशेदपुर के मार्गदर्शक थे। उर्दू भवन के जनरल सेक्रेटरी गौहर अजीज ने बताया कि डॉ राशिद अनवर राशिद लंबे समय से बीमार थे और उनका इलाज मुंबई में चल रहा था। उनका शुमार उर्दू के बड़े अदीबों में किया जाता है। उनकी 25 से अधिक पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं, कम से कम चार पत्रिकाओं का संपादन भी किया। इसके अलावा अनुवाद एवं शोध पत्रों के प्रकाशन असंख्य हैं।

करीम सिटी कॉलेज में बतौर शिक्षक दे चुके हैं सेवा

डॉ राशिद अनवर राशिद हमारे करीम सिटी कॉलेज के उर्दू विभाग में प्राध्यापक के रूप में मात्र एक साल रहे। इसके बाद वे यहां से अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी चले गए लेकिन उन्होंने न जमशेदपुर को भुलाया और न करीम सिटी कॉलेज को। वे लंबे समय से बीमार थे और आज उनकी बीमारी जीत गई और साहित्य का एक सिपाही जीवन की जंग हार गया।

जानिए कॉलेज के शिक्षकों ने क्या कहा:

मोहब्बतों की कशिश और बढ़ती जाती है। सुबह-सुबह जब राशिद के इंतकाल की खबर मिली तो दिल टूट गया। वे मेरे लिए छोटे भाई जैसे थे। डॉ मोहम्मद जकरिया

राशिद अनवर राशिद का यूं दुनिया से चले जाना हम सभी उर्दू से प्यार करने वालों के लिए एक बड़ी त्रासदी है। यह न केवल उस विश्वविद्यालय और छात्रों का नुकसान है, जहां वे शिक्षक थे, बल्कि यह झारखंड और उर्दू साहित्य का भी नुकसान है। एक बेहद नाजुक एहसास के कवि, एक संवेदनशील स्वभाव के लेखक, एक शोधकर्ता और एक आलोचक हमारे बीच से चले गए।

डॉ एसएम यहिया इब्राहीम

डॉ राशिद अनवर राशिद उर्दू साहित्य में ऊंची उड़ान और गहरी सोच के प्रवर्तक थे। जितने कम समय में जितनी अधिक सेवा उन्होंने उर्दू साहित्य की की, यह उन्हीं का हिस्सा हो सकता है। उनका देहांत केवल उनके शरीर का देहांत है उनका नाम उर्दू साहित्य में हमेशा जिंदा रहेगा।

छत्तीसगढ़ी समाज की नवरात्रि ज्वारा पूजा आज से

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : शहर के विभिन्न क्षेत्रों में छत्तीसगढ़ी समाज द्वारा स्थापित शीतला माता मंदिर में चैत्र नवरात्रि ज्वारा पूजा 9 अप्रैल से शुरू होगा। सोमवार को टुईलाडूंगरी, गड़हाबासा, बागुनहातु, सोनारी, बागबेड़ा, कपाली, उलीडीह, काशीडीह में बिरीह भिगोना के साथ पूजा का विधिवत आरंभ होगा

और 9 अप्रैल को एकम के दिन ज्योति कलश प्रज्वलित की जाएगी। शीतला माता मंदिर टुईलाडूंगरी के अध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि छत्तीसगढ़ में माता बमेलश्वरी की पूजा बड़े धूमधाम से नवरात्रि के अवसर पर की जाती है। टुईलाडूंगरी शीतला माता मंदिर में इस वर्ष 21अखंड ज्योति कलश प्रज्वलित किए जाएंगे, जो 9 अप्रैल से 17 अप्रैल तक प्रज्वलित रहेंगे। 17 को विधिवत शोभा यात्रा निकाल कर ज्वारा विसर्जित की जाएगी। इस वर्ष छत्तीसगढ़ से जश गायन मंडली आ रही है। टुईलाडूंगरी मंदिर में 8 अप्रैल को बिरीह भिगोना संध्या 7 बजे और 9 अप्रैल को संध्या 5.30 बजे ज्योत प्रज्वलित की जाएगी।

कांग्रेस प्रत्याशी बीरेंद्र नाथ पटनायक ने की प्रेस कांफ्रेंस, कहा-

पांच गारंटियों से होगा सभी का विकास

PHOTON NEWS ROURKELA : ओडिशा विधानसभा के चुनाव के लिए राउरकेला से कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में टिकट मिलने के बाद वीरेंद्र नाथ पटनायक ने रविवार को ब्राह्मणी क्लब में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिला कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेताओं और कार्यकताओं की मौजूदगी में कांग्रेस प्रत्याशी वीरेंद्र नाथ पटनायक ने पत्रकारों को कांग्रेस के गारंटी कार्ड और चुनाव में अपनी प्राथमिकताओं के बारे में जानकारी दी। कांग्रेस गारंटी कार्ड में पांच-आयामी गारंटी है। पहली गृह ज्योति गारंटी के तहत घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 200 यूनिट बिजली बिल माफ, दूसरे में युवा विकास गारंटी, रोजगार कानून के तहेत 5 लाख युवक और युवतियों को नियुक्त,3000 हजार रुपये प्रति माह बेरोजगारी भत्ता देने की बात है। तीसरा किसान मित्र गारंटी बोनस प्रति क्विंटल धान पर 3,000 रुपये , कृषि ऋण माफी और किसानों को

मीडिया को संबोधित करते वीरेंद्र नाथ पटनायक। ● फोटोन न्यूज

2,000 रुपये मासिक पेंशन की गारंटी शामिल है, चौथे में गृह लक्ष्मी गारंटी के तहेत बैंक द्वारा महिला स्वयं सहायता समूहों का ऋण माफ, महिलाओं को 2000 रुपये मासिक भत्ता, आदिवासी एवं दलित महिलाओं को 3000 रुपये मासिक भत्ता शामिल है। वहीं पांचवीं जनकल्याण गारंटी में 25 लाख रुपये तक स्वास्थ्य बीमा के माध्यम से मुफ्त चिकित्सा योजना, वृद्धावस्था भत्ता, विधवा भत्ता, और विकलांगता भत्ता, 2000 रुपये प्रति माह, चिट फंड प्रभावित जमाकताओं को 6 महीने के भीतर ब्याज के साथ जमा राशि की वापसी, शिक्षा और रोजगार में पिछड़े वर्ग 20 प्रतिशत आरक्षण शामिल है। आदिवासियों और दलितों को उनकी जमीन और जंगल जमीन पर पूरा अधिकार, पेसा कानून को 100 दिनों के अंदर सख्ती से लागू किया जाएगा।

कांग्रेस प्रत्याशी बीरेंद्र नाथ पटनायक के साथ प्रांतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव प्रबोध दास, अल्पसंख्यक सेल के अध्यक्ष इजाज अख्तर, युवा कांग्रेस के अध्यक्ष मोतीलाल दीप, सूर्यकांत बारिक, सिलु बराल, गांधी दास, राउरकेला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष रश्मिरंजन पाढ़ी, एमडी सादाब, निहाज अहमद , तरूण कुशल, बीजू पुरोहित, सरोज लेंका प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

लौहनगरी के लगभग छह स्थानों से निकलेगी हिंदू नववर्ष शोभायात्रा, मानगो आएंगी पूजा गुलहानी

आज चहुंओर बजेगा श्रीराम नाम का डंका

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : चैत्र शुक्ल प्रतिपदा 2081 की पूर्व संध्या पर शहर में चहुंओर श्रीराम नाम का डंका बजेगा। इस वर्ष पहली बार छह स्थानों ने हिंदू नववर्ष शोभायात्रा निकलेगी, जिसकी भव्य तैयारी की गई है। ढोल-ताशा के साथ आकर्षक झांकी हर सनातन धर्मावलंबी में उत्साह का संचार करेगी। इस बार सोमवार को जिन स्थानों से हिंदू नववर्ष शोभायात्रा निकलेगी, उसमें कोल्हान के पूर्व आयुक्त विजय कुमार के नेतृत्व में श्रीराम सेना की ओर से टेल्को राम मंदिर से, भाजमो युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष अमित शर्मा के नेतृत्व में हिंदू जनजागरण मंच की ओर से बमार्माइंस के डनलप मैदान से एग्रिको ट्रांसपोर्ट मैदान तक, हिंदू उत्सव समिति की ओर से मानगो गांधी मैदान से साकची स्थित सुभाष (आमबगान) मैदान तक,

मानगो में जयघोष करते हिंदू उत्सव समिति के सदस्य। ● फोटोन न्यूज

भाजपा नेता रामबाबू तिवारी की अगुवाई में डिमना चौक से साकची के सुभाष (आमबगान) मैदान तक, कदमा में हिंदू एकता समिति की ओर से गणेश पूजा मैदान से आमबगान मैदान तक और केसरिया सेना की ओर से नया कोर्ट परिसर स्थित ह्यूमपाइप दुर्गापूजा मैदान से लगभग दोपहर 2 बजे के बाद शोभायात्रा निकलेगी। इस बार डिमना चौक से निकलने वाली शोभायात्रा में भारत का बच्चा-बच्चा जयश्रीराम बोलेगा... फेम गायिका पूजा गुलहानी शामिल रहेंगी।

बड़ा हनुमान मंदिर से आशीर्वाद लेकर मानगो चौक से निकलेगी भव्य हिंदू नववर्ष यात्रा

हिंदू उत्सव समिति द्वारा हिंदू नववर्ष यात्रा को लेकर रविवार को प्रेस वार्ता की गई, जिसमें समिति के संरक्षक उपेंद्र सिंह मस्तान, धर्मेंद्र सोनकर, अध्यक्ष रविप्रकाश सिंह, पप्पू सिंह, गौ रक्षा से अवतार सिंह परमार, हिंदू जनजागरण मंच से सुमित कुमार, अक्षय कोड़ा, गोल्डन पांडेय, केसरिया सेना के चंदन चतुवेर्दी, मृत्युंजय, धीरज सहित अन्य ने बताया कि 8 अप्रैल को हिंदू उत्सव समिति, हिंदू जनजागरण मंच ओर केसरिया सेना के संयुक्त तत्वाधान में मानगो बड़ा हनुमान मंदिर से वीर बजरंगबली का आशीर्वाद लेते हुए मानगो चौक से लाखो रामभक्तों के साथ भव्य यात्रा निकाली जाएगी, जो महाराणा प्रताप चौक और पुराना कोर्ट होते हुए साकची सुभाष मैदान (आमबगान) में पहुंचकर 21 पंडितों द्वारा भारत माता की भव्य आरती होगी, जिसके सहभागी लाखों रामभक्त बनेंगे।

मानगो चौक पर मुख्य आकर्षण का केंद्र श्रीराम की 21 फीट ऊंची प्रतिमा, रामगढ़ का डंका, श्रीराम परिवार की झांकी, शिव परिवार की झांकी, वानर सेना आधुनिक भव्य डीजे आदि रहेंगे।

हजारों महिलाएं पारंपरिक परिधान में करेंगी यात्रा की अगुवाई

इस वर्ष नववर्ष यात्रा में हजारों महिलाएं पारंपरिक परिधान के साथ महारानी लक्ष्मी बाई,व दुगार्वाती के समान अपने धर्म की रक्षा करने का संदेश देंगी। सभी महिलाओं की अगुवाई सुनीता शर्मा करेंगी, जो हिंदू उत्सव समिति की महिला प्रमुख भी हैं। यात्रा को सफल बनाने व प्रसासन के सहयोग में समिति के लगभग 200 प्रमुख कार्यकर्ता रहेंगे। इस अवसर पर अभिमन्यु प्रताप सिंह, पीयूष परासर, नीलेश पांडेय, अश्विनी सिंह, संजीत शर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

विकास से कोसों दूर दरभंगा का भरडीहा गांव

दरभंगा। दरभंगा जिला के समस्तीपुर लोकसभा के कुशेश्वर स्थान विधानसभा में एक गांव ऐसा भी जहां आजादी के बाद से अब तक एक विद्यालय भवन नहीं बन सका हैं। इस कारण तपती धूप और बारिश मे खुले आसमान के नीचे बच्चे पढ़ने के लिये विवश हैं। चुनाव के दौरान कई जनप्रतिनिधि आए ,आश्वासन दिये लेकिन यह सपना ही रह गया।हम बात कर रहैं हैं कुशेश्वरस्थान पूर्वी प्रखंड मुख्यालय से सटे केवटगामा पंचायत के भरडीहा गांव का। इस गांव की आबादी करीब लगभग पांच हजार हैं लेकिन यहां के लोग आजादी के बाद से अब तक सिर्फ समस्याओं को ही झेल रहें हैं। इसमें एक बड़ी समस्या गांव में विद्यालय भवन का होना नहीं है। खुले आसमान के नीचे इस चिलचिलाती धूप में बच्चे पढ़ने जाते है। ग्रामीण एवं शिक्षक के सहयोग से एक झोपड़ी का विद्यालय बनाया गया। विद्यालय भवन के निर्माण को लेकर कई बार प्रधानाध्यापक द्वारा विभाग को पत्र लिखा गया। साथ ही ग्रामीणों ने भी सामूहिक आवेदन दिया, पर विभाग इस तरह सोया हुआ है। ग्रामीणों का कहना हैं कि ऐसे में सरकार के द्वारा विकास की बात करना पूरी तरह से बेईमानी हैं। चार शिक्षकों के माथे पर 203 छात्र प्राथमिक विद्यालय भरडीहा में कुल 203 छात्र नामांकित है और चार शिक्षक इस विद्यालय में बच्चों को पढ़ाने के लिए कार्यरत है। लेकिन विद्यालय का अपना कोई भवन ही नहीं है। जानकर बताते है कि दर्जनों बार प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी से लेकर जिला मुख्यालय तक पत्र लिखा गया। इसके बावजूद आज तक भवन नहीं बन पाया है। स्थानीय ग्रामीण के अनुसार जब तक मौसम ठंडा रहता है तब तक बच्चे विद्यालय में रहते है जैसे ही धूप बढ़ती है बच्चे विद्यालय छोड़कर चले जाते है। क्योंकि जो झोपड़ी बनी है उसमें मिड डे मील बनता है तो छात्र कहां बैठकर पढ़गे।ग्रामीण बताते है कि तत्कालीन सांसद प्रिंस राज से लेकर शिक्षा विभाग के सभी अधिकारियों को पत्र के माध्यम से विद्यालय भवन को लेकर अवगत कराया गया। कोई भी यहां की समस्याओं को समझने के लिए तैयार नहीं है। आज भी हमारे गांव के बच्चे धूप में बैठकर पढ़ते है। जिस सुशासन के राज में विद्यालय का भवन ही ना हो और छात्र बोरा बिछाकर धूप में बैठकर पढ़ रहा हो उस राज्य में विकास का दावा करने वाली सरकार की मंशा को समझा जा सकता है। वोट का करेंगे बहिष्कार बता दें कि यहां सिर्फ विद्यालय का भवन नही होना ही समस्या नही है। इस गांव की पांच हजार आबादी कई समस्याओं को झेल रही है। अब इस गांव के लोग वोट बहिष्कार करने की बात कर रहे है। आजादी के कई वर्ष बीत जाने के बाद भी कुशेश्वरस्थान पूर्वी प्रखंड का भरडीहा गांव आज भी विकास से कोसों दूर हैं। यह इस गांव कि विडंबना हैं कि चुनाव के दौरान वोट मांगने आयें नेताजी तरह तरह के शब्जबाग दिखाकर वोट लेते रहें लेकिन इस गांव को फिर कभी मुड़कर नहीं देख पाये। गांव के नदी में बने बांस के चचरी पुल पर पैदल पार कर वोट देने जाते है यहां के लोग, पर इस बार भरडीहा की पांच हजार आबादी के लोंगों ने एक स्वर में कहा कि पुल नहीं तो वोट नहीं। आजादी के बाद इस गांव मे एक विद्यालय भवन नहीं बन पाया ठीक उसी तरह आजादी के बाद से आज तक गांव से सटे नदी में पुल नहीं बन पाया। जिससे यहां के ग्रामीणों में सरकार एवं सरकार के अधिकारियों के प्रति नाराजगी तो हैं ही आक्रोश भी उतना ही । गांव को लगा हैं राजनीति श्राप स्थानीय जानकर बताते है कि इस गांव को मानो राजनीति श्राप लगा हुआ है। यहां जितने भी सरकार के प्रतिनिधि बने है सब के सब स्थानीय रहे है। इसके बावजूद इस गांव में एक पुल का भी निर्माण नहीं हो सका। इस गांव के लोग एक पुल के लिए आला अधिकारी और जनप्रतिनिधियों का चक्कर लगा लगा कर थक चुके है, पर इस गांव की समस्या को निपटाने के लिए किसी ने भी पहल नहीं की है। नदी पार कर लोग करने जाते हैं वोट बता दें कि विगत पांच वर्ष पूर्व इस गांव के लोग नाव से नदी पार कर प्राथमिक विद्यालय फकदौलिया में वोट करने जाते थे।

ज्योतिष से भूकंप का भी पूवार्नुमान 100% हो सकता है

पटना । ज्योतिष विद्या में बहुत ताकत होती है और इसके पूवार्नुमान से बहुत सारे अनहोनियों से बचा जा सकता है। ऐसा कहना है ज्योतिर्वेद विज्ञान संस्थान के निदेशक और ज्योतिष डॉ. राजनाथ झा का। उन्होंने कहा कि यदि प्राकृतिक आपदाओं से संबंधित तिथि और समय सहित पूवार्नुमान व्यक्त किया जाए तो समय सीमा के अंदर बचाव के उपाय संभव हो सकता है। जिससे कम से कम जान माल की क्षति होगी। उन्होंने कहा कि एक अध्ययन के अनुसार भारतीय संस्कृत वांग्मय का 65 से 70 प्रतिशत योगदान देने वाले मनीषियों का स्थान बिहार रहा है। 2015 में प्राकृतिक आपदाओं में भूकंप का पूवार्नुमान उनके द्वारा किया गया था, जो अनुमानित अवधि के बीच घटित हुई थी। वर्तमान में भूकंप को लेकर भी उन्होंने पूवार्नुमान किया था। जिसमें 18 मार्च 2024 से लेकर 26 अप्रैल 2024 तक भूकंप आने की संभावना थी। इसका केंद्र उन्होंने पूर्वोत्तर बताया था। दो दिन पहले ही यह देखने को मिला कि हिमाचल के साथ-साथ अफगानिस्तान भी डोला है जो कि पूर्वोत्तर में ही पड़ता है।डॉ. राजनाथ झा 2015 से शोध करते हुए आ रहे हैं। भूकंप के पूवार्नुमान के लिए शोध केंद्र की स्थापना को लेकर बिहार सरकार को एक पत्र लिखा है। साथ ही भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय को भी इस सिलसिले में पत्र दिया है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार अगर समुचित शोध केंद्र की व्यवस्था करती है तो मौसम, ग्रहण और अन्य चीजों की तरह ज्योतिष गणना के अनुसार भूकंप का भी पूवार्नुमान भी शत प्रतिशत पहले लगाया जा सकता है।

इससे जान माल के नुकसान से बचा जा सकता है। भारतीय आचार्य की ज्ञान परंपरा से हम राज्य, राष्ट्र के साथ-साथ विश्व की भी रक्षा कर सकते हैं। डॉ. राजनाथ झा ने बिहार सरकार से निवेदन किया है कि राज्य में कहीं भी वेधशाला का निर्माण हो, जिससे प्राकृतिक आपदाओं की गणना के लिए समुचित व्यवस्था हो सके।

पीएम के बिहार दौरे पर सियासत तेज राजद ने कहा-तेजस्वी से घबरा गए हैं मोदी

पटना । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 4 अप्रैल को जमुई से चुनावी जनसभा का शंखनाद किया था। अब तीन दिन के अंदर वह दूसरी बार बिहार आ रहे हैं। आज वह बीजेपी प्रत्याशी विवेक ठाकुर के समर्थन में रैली करेंगे। उनके साथ सीएम नीतीश कुमार, एलजेपी (रा) सुप्रीमो चिराग पासवान, हम नेता और बिहार सरकार के मंत्री संतोष मांझी, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के सुप्रीमो उपेंद्र कुशवाहा भी मौजूद रहेंगे। उनके आने से पहले ही महासंग्राम छिड़ गया है। राजद ने हमला बोलते हुआ कहा कि तेजस्वी यादव के 17 महीने के काम से प्रधानमंत्री घबराहट में है। वहीं, बीजेपी ने पलटवार करते हुए कहा कि इस बार पूरा का पूरा महागठबंधन शून्य पर आउट होगा।बीजेपी के प्रदेश प्रवक्ता कुंतल कृष्ण ने कहा कि प्रधानमंत्री का बिहार के प्रति प्रेम और गंभीरता ही है कि वह तीन दिनों के अंदर दूसरी बार बिहार आ रहे हैं। अभी प्रधानमंत्री का बिहार में और आगमन होगा। बिहार की 15 करोड़ जनता मोदी का परिवार है। पीएम अपने परिवार से अपनी बात कहने आते हैं। अबकी बार 400 के पार और 400 में 40 की 40 सीटें बिहार देगा। तेजस्वी यादव और राजद जैसे पिछली बार शून्य पर आउट हुई थी। इस बार पूरा का पूरा महागठबंधन शून्य पर आउट होगा। पिछली बार गलती से एक सीट मिल गई थी। पर अब बिहार ने यह संकल्प ले लिया है कि इस राष्ट्र निर्माण के महायज्ञ में मोदी का हाथ मजबूत करना और 40 सीटें एनडीएजेडीयू एमएलसी खालिद अनवर ने कहा कि बिहार की 40 सीट हम जीतने जा रहे हैं, इसमें कोइ शक नहीं है।

बिहार को अबतक विशेष राज्य का दर्जा क्यों नहीं मिला

पटना । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नवादा में जनसभा करेंगे। चार दिन में पीएम मोदी का ये दूसरा बिहार दौरा है। इस बीच नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी ने पीएम पर सीधा निशाना साधा है। साथ ही रैली को लेकर दस सवाल भी किए हैं। उन्होंने परिवारवाद, युवाओं को नौकरी और ED-CBI, इलेक्टोरल बॉन्ड पर पीएम मोदी को घेरने की कोशिश की है। तेजस्वी ने सवाल किया कि देश में सबसे ज्यादा परिवारवादी नेताओं को बीजेपी ने टिकट क्यों दिए। उन्होंने पूछा कि बिहार को अब तक विशेष राज्य का दर्जा क्यों नहीं मिला। साथ ही ये पूछा कि हल साल 2 करोड़ नौकरी देने के वादों का क्या हुआ। वहीं, तेजस्वी के सवाल पर डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने निशाना साधा है। तेजस्वी ने सोशल मीडिया पर पीएम से ये सवाल किए हैं को छुपाने के लिए हमेशा विपक्ष और विपक्षी नेताओं को ही भ्रष्टाचारी तथा घोटालेबाज क्यों बताते रहते है? कैसे विपक्ष के सभी कथित भ्रष्टाचारी नेताओं ने CBI/ED/IT की मदद से BJP जॉइन की? PM बताएंगे कि कैसे और क्यों कथित विपक्षी भ्रष्टाचारी कमल छाप साबुन से नहाने एवं नारंगी वाशिंग मशीन में धुलने के बाद बेईमान,भ्रष्ट और नकारे से ईमानदार, कर्मठ व सुयोग्य बन सभी केसों से बरी हो जाते हैं? बताएंगे कि जांच एजेंसियों की मदद एवं छापे के जरिए कैसे और क्यों बड़ी कम्पनियां हजारों करोड़ BJP के खाते में डालती है? PM बताएंगे कि कोई भी विपक्षी नेता कितना भी ईमानदार, नौकरीदाता, समतावादी, लोकतांत्रिक, लोकप्रिय, सच्चा, अच्छा और परिणाम उन्मुखी हो, लेकिन प्रधानमंत्री जी उसे बेईमान, भ्रष्ट, निकम्मा और बुरा क्यों बताते रहते हैं? PM बताएंगे की क्यों BJP ने देश में सबसे अधिक परिवारवादी नेताओं को टिकटें दी हैं PM बताएंगे कि क्यों जांच एजेंसियां BJP नेताओं के घर छापा नहीं मारती? BJP ेताओं की

गोदाम दवा का प्रतिबंधित ड्रग्स के साथ बेचते थे शराब

पटना । राज्य औषधि विभाग की टीम ने गोविंद मित्रा रोड स्थित केके मेडिको के गैरलाइसेंसी दवा गोदाम में छापा मारा। वहां से करीब 25 लाख की प्रतिबंधित दवाएं (नारकोटिक ड्रग्स), आठ कार्टन शराब और 10-15 लाख रुपए का फिजिशियन सैंपल जब्त किया। दो लोगों बाढ़ के अजीत कुमार और गणेश कुमार को गिरफ्तार किया गया। दोनों नशीली दवा और शराब बेचने में संलिप्त थे। इसके अलावा तीन नामजद के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट-1985 के तहत पीरबहोर थाने में केस दर्ज किया गया है।

गोदाम का लाइसेंस नहीं, 10 लाख का फिजिशियन सैंपल भी बरामद इस गोरखधंधे की सूचना मिलने के बाद सहायक औषधि नियंत्रक (एडीसी) के नेतृत्व में छापेमारी टीम गठित की गई थी। टीम ने शनिवार की शाम बेनी माधोलेन स्थित रवींद्र कुमार के मकान में गोदाम में छापा मारा तो नशीली दवाओं का जखीरा पकड़ा गया। वहीं, पास के कमरे में 8 कार्टन में 192 बोतल शराब थी, जिसकी कीमत करीब 2.5 लाख रुपए आंकी गई है। टीम ने गोदाम को सील करके दवाओं को जब्त कर लिया गया है। दवाओं का सैंपल जांच के लिए भेजा जाएगा, ताकि पता चले कि ये असली हैं या नकली। गोदाम मालिक पर भी दर्ज होगा केस दवाओं की गिनती का काम अभी जारी है।

अधिकारियों के मुताबिक गैरलाइसेंसी गोदाम बनाने पर दुकानदार के खिलाफ ड्रग एंड कास्मेटिक और नारकोटिक्स एक्ट के तहत केस दर्ज कराया जाएगा। गोदाम मालिक पर भी केस दर्ज होगा। दवा की सप्लाई शहर के अलावा किन जिलों में की जा रही है, इसकी जांच होगी। साथ ही गोदाम में शराब कैसे पहुंची और इसकी सप्लाई कहां-कहां होती है, इस बारे में आरोपियों से पूछताछ हो रही है।

आग लगने से चार घर जलकर राख

बेगूसराय। बेगूसराय में बीते रात भी वीरपुर थाना क्षेत्र के सहुरी में आग लगने से चार घर जलकर राख हो गया। आग लगने की सूचना मिलते ही पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने काफी कोशिश के बाद आग पर काबू पाया। बताया जा रहा है कि देर रात करीब 11:30 बजे सहुरी निवासी गुड्डू साह के घर में खाना बन रहा था। खाना बनाने के दौरान ही अचानक आग लग गई। इसके बाद घर में रखा खाना बनाने वाला गैस सिलेंडर ब्लास्ट कर गया। जिससे आग ने विकराल रूप धर लिया।घटना की सूचना तुरंत वीरपुर थाना एवं फायर ब्रिगेड की टीम को दिया गया। उसके बाद फायर ब्रिगेड की एक छोटी एवं एक बड़ी गाड़ी पहुंची और स्थानीय लोगों के प्रयास से आग पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक गुड्डू साह, राज किशोर साह, रूपेश साह एवं मंटू साह का घर जलकर पूरी तरह से राख हो गया। घटना में लाखों की क्षति हुई है, लेकिन फायर ब्रिगेड एवं स्थानीय लोगों के प्रयास से बड़ी घटना टल गई। घटना के बाद चारों परिवार में कोहराम मचा हुआ है, इन लोगों के रहने-खाने की कोई व्यवस्था नहीं है।

संक्षिप्त डायरी

ग्लानि में महिला ने आत्महत्या की

बछवाड़ा। गोविंदपुर-3 पंचायत की सूरो ओझा टोला निवासी कंचन देवी (30) को 5 अप्रैल को लोन की तीसरी किस्त चुकानी थी। कंचन किस्त की राशि 3650 रुपए चुकाने में असमर्थ थी। घर आए एलएनटी फाइनेंस कंपनी के कर्मी से उसने एक दिन की मोहलत मांगी। कहा कि आप कल आइए, रुपए दे दूंगी। बावजूद फाइनेंस कर्मी घर के बाहर बैठा रहा। वह उसे जलील करता रहा। महिला की लाचारी देख स्थानीय लोगों ने आपसी सहयोग से 3000 नकद और 650 रुपए यूपीआई से फाइनेंस कर्मी को दिया। कर्मी ने जाते समय कंचन पर दबाव बनाते हुए कहा कि अगर किस्त का पैसा तुमने समय पर नहीं दिया तो जेल भिजवा देंगे। कंचन को ग्लानि महसूस हो रही थी। कर्मी के जाने के बाद उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कंचन का पति दिलीप महतो अक्टूबर में बीमार पड़ा था। इलाज के लिए पैसे की जरूरत पड़ी तो कंचन ने एलएनटी फाइनेंस कंपनी से 14 दिसम्बर, 2023 को 67,738 रुपया ऋण दो साल के लिए लिया। इसके एवज में उसे हर माह 3650 का किस्त देनी थी। पति शाम को लौटा तो सन्न रह गया मजदूरी कर दिलीप महतो जब देर शाम घर लौटा तो पत्नी को ढूंढा। आवाज नहीं आने पर झोपड़ी के अंदर गया तो पत्नी फंदे से लटकी थी। महिला की मौत के बाद पति और बच्चों के रोने की आवाज सुन ग्रामीण जुटे। पति-पत्नी मजदूरी कर परिवार चलाते थे। तीन छोटे-छोटे बच्चे हैं।

सड़क हादसे में इंटर के छात्र की मौत

भोजपुर। जिले के बिहिया थाना क्षेत्र के मझौली ब्रह्म स्थान के नजदीक रविवार की सुबह तेज रफ्तार वाहन ने बाइक सवार इंटर के छात्र को रौंद दिया। हादसे में छात्र की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद मृत छात्र के परिजनों में अफरा तफरी का माहौल कायम हो गया। मृत छात्र बिहिया थाना क्षेत्र के चकवथ गांव निवासी टुनटुन साव के बेटा विनीत कुमार (17) है। वह इंटर का छात्र था। इधर, मृत छात्र के पिता टुनटुन साव ने बताया कि वह गांव में ही किराना का दुकान चलाते हैं। शुक्रवार की सुबह दुकान का समान लेने के लिए अपने बाइक से बिहिया बाजार जा रहा था, तभी मझौली गांव के ब्रह्म स्थान के समीप किसी तेज रफ्तार वाहन ने रौंद दिया। घटना की जानकारी ग्रामीणों ने परिजनों को दी। इसके बाद परिजन आननझफानन में मौके पर पहुंचे, जहां विनीत मृत पड़ा था। वहीं घटना के बाद परिजनों ने इसकी सूचना बिहिया थाना पुलिस को दी। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर आरा सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाया। मृत छात्र घर का इकलौता बेटा था। उसकी एक छोटी बहन सलोनी है। पिता किराना दुकान चलाने के साथ साथ परिवार के पालन पोषण के लिए हलवाई का काम करते हैं। घर में मां रिंकु देवी का रोझरोकर बुरा हाल है।

जमीनी विवाद में मारपीट, 6 घायल

पूर्णिया। में जमीनी विवाद में जमकर मारपीट हुई है। पड़ोसी से हुई मारपीट में एक ही परिवार के 6 लोग घायल हो गए। सभी को स्थानीयों की मदद से GMCH पूर्णिया में एडमिट कराया गया है। विवाद 9 कट्ठा जमीन से जुड़ा है। घटना सदर थाना क्षेत्र के अंसारी टोला दमका से जुड़ी है। घायलों में सदर थाना क्षेत्र के अंसारी टोला दमका निवासी परवेज अंसारी 36, तमरेज अंसारी 38, शायका परवीन 17, अस्मत अंसारी 55, अलीमा अंसारी 50, अंसर अंसारी 26 शामिल हैं।जानकारी देते हुए घायल मो. तबरेज ने बताया कि सदर थाना क्षेत्र के अंसारी टोला दमका गांव में ही 9 कट्ठा जमीन है। आज पड़ोसी जबरन जमीन घेरकर घर खड़ा करने लगे। इसका विरोध करने पर पड़ोसियों से कहासुनी शुरू हुई। कुछ ही देर बाद दोनों पक्षों में विवाद हुआ और हाथापाई शुरू हो गई। इसी मारपीट में पड़ोसी सिकंदर अंसारी ने 10 से 12 लोगों के संग उनके ऊपर हरबे हथियार और लाठी-डंडे से हमला कर दिया। इस मारपीट और हमले में उनके परिवार के 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को इलाज के लिए पूर्णिया GMCH में एडमिट कराया गया है। जहां घायलों का इलाज चल रहा है। वहीं, इस मारपीट की घटना को लेकर सदर थाना की पुलिस को कॉल कर घटना की जानकारी दी गई। इलाज के बाद स्थानीय सदर थाना में पड़ोसियों के खिलाफ लिखित शिकायत देने को कहा गया है।

हथियार के साथ एक अपराधी गिरफ्तार

मुजफ्फरपुर। पुलिस ने एक बार फिर अपराध की योजना बना रहे शातिर अपराधी के मंसूबे पर पानी फेर दिया है। पूरा मामला वह बोंचहा थाना से जुड़ा हुआ है। जहां देर शाम बोंचहां के खौर चौक पर कुछ अपराधियों के एकत्र होने की जानकारी पुलिस को मिली। जिसके बाद एडिशनल एसपी पूर्वी के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। जिसके द्वारा मौके पर छापेमारी करते हुए एक शातिर अपराधी को हथियार के साथ मौके से गिरफ्तार किया है।इस मामले में एडिशनल SP पूर्वी शहरियार अख्तर ने बताया कि पुलिस को देर शाम सूचना मिली कि कुछ शातिर अपराधी अपराध की योजना बनाने के लिए खोर चौक पर एकत्र हुए है। इसकी जानकारी पर मौके पर एक थानेदार के नेतृत्व में छापेमारी की गई, जहां पुलिस को देखते हुए तीन युवक मौके से भागने लगे। इस दौरान एक अपराधी को पुलिस के द्वारा पकड़ लिया गया है, जिसके तलाशी के दौरान एक लोडेड कट्टा और दो जिंदा कारतूस मिला है।

बिजली के झटके से पोल से गिरा कर्मी, मौत

सासाराम। रोहतास के तिलौथू थाना क्षेत्र के चंदनपुरा में बिजली तार की चपेट में आने से बिजलीकर्मी की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस को परिजनों ने शव सौंपने से इंकार कर दिया। समझाने पर 14 घंटे बाद रविवार को पुलिस को सौंपा गया। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। बजाज कंपनी के ठेके पर चल रहे बिजली कार्य में बहेरा ग्राम निवासी कृष्ण यादव (28) काम कर रहे थे। शनिवार को 11,000 बिजली ब्रेक कर 440 में काम चल रहा था। इस क्रम में शनिवार देर शाम शॉर्ट-सर्किट से युवक को जोरदार झटका लगा और पोल से गिरकर मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना कल देर शाम की बताई जाती है। मृतक के घर के सामने ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई, लोग मुआवजे की मांग कर रहे थे। रविवार को थानाध्यक्ष और जनप्रतिनिधियों के समझाने पर परिजनों ने शव को पुलिस को सौंपा। पुलिस ने 14 घंटे बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सासाराम सदर अस्पताल भेज दिया है। थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि बिजली कंपनी के कर्मी की मौत दुर्घटना में हुई है, आज शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।

पूर्णिया में 70 महिलाओं से 30 लाख की ठगी

पूर्णिया। में 70 महिलाओं से करीब 30 लाख की ठगी की गई है। ग्रुप लोन दिलाने के नाम पर शातिर दंपती ने सारे दस्तावेज अपने पास रख लिए। उनके नाम पर लाखों रुपए उठाकर शातिर पति-पत्नी रातों-रात गांव से भाग निकले। स्वंय सहायता समूह का सेंटर लीडर बनकर इसे अंजाम दिया है। किसी के खाते से 80 हजार तो किसी से 1 लाख तक के लोन लिए गए, लेकिन महिलाओं को इसकी भनक तक नहीं थी। अब बैंक महिलाओं पर किस्त भरने का दबाव बना रही है। जिससे परेशान महिलाओं ने ठग दंपती के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई है। मामला के.नगर थाना के अमरपुर बलुआ का है। बेटी की शादी के नाम पर लिए लोन, किस्त चुकाने का वादा किया था ठग ने स्वंय सहायता समूह का सेंटर लीडर बनकर ठगी की। शातिर ठग की पहचान आकांक्षा प्रिया और अरुण मेहता के रूप में हुई है। महिलाओं ने कहना है कि उन्होंने बेटी की शादी और दुकान चलाकर लोन की किस्त भरने के नाम पर पैसे लिए थे। अब लोन के किस्त की राशि जमा करने के लिए उन्हें गाय और बकरी तक बेचनी पड़ रही है। कई घरों में चूल्हा तक नहीं जल रहा। महिलाओं का कहना है कि बैंक वाले उन्हें सुसाइड कर लेने की धमकी दे रहे हैं। धोखे से अंगूठे के निशान लिए, फिर लोन उठा लिया पीड़ित महिलाओं ने बताया कि ठग दंपती ने बेटी की शादी, व्यवसाय और घर बनवाने के नाम पर अपने बहकावे में लिया। इसके बाद भरोसा जीतकर दस्तावेज सुरक्षित रखने का हवाला देकर बैंक पासबुक, आधार कार्ड समेत जरूरी दस्तावेज अपने पास रख लिए थे। फिर मशीन पर अंगूठे का निशान लगवाया था। इसी के बाद सेंटर लीडर आकांक्षा प्रिया और अरुण मेहता ने किसी के खाते पर 80 हजार, किसी पर 1 लाख तो किसी पर 2 लाख का लोन उठा लिया है। जब कर्ज वसूलने कंपनी के लोग पहुंचे, तब खुला राज महिलाओं को लोन के पैसे तो नहीं मिले, लेकिन जब फाइनेंस कंपनी के लोग लोन की किस्त वसूली के लिए उनके घर पहुंचे तो महिलाओं के होश उड़ गए। अगली सुबह जैसे ही वे सेंटर लीडर के घर पहुंचे। दरवाजे पर ताला लटका था। पूछने पर मालूम हुआ शातिर पति -पत्नी रातों रात निकले गए। शातिर पति - पत्नी पिछले एक महीने से ही फरार हैं। पीड़ित महिलाओं का कहना है कि अब फाइनेंस कंपनी के लोग घर आकर धमकाने लगे हैं। ग्रुप लोन न देने पर गाली-गलौज कर रहे हैं। एजेंट की ओर से उन्हें सुसाइड करने तक की बात कही जा रही है। अब लोन के किस्त की राशि जमा करने के लिए उन्हें गाय और बकरी तक बेचनी पड़ रही है। कई घरों में चूल्हा तक नहीं जल रहा। हिलाओं का कहना है कि बैंक वाले उन्हें फांसी लगाकर मर जाने की बात कहते हैं। ग्रामीणों ने अपने साथ हुए फ्रॉड को लेकर एसपी उपेंद्र नाथ वर्मा और साइबर थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है।

परिवारवाद की जकड़न में फसता लोकतंत्र

सुरेश हिंदुस्तानी

भारत में लोकतंत्र को बचाने के लिए परिवारवाद को राजनीति से अलग करने की जरुरत है, क्योंकि जहां परिवार को आगे बढ़ाने की राजनीति होगी, वहां लोकतंत्र के लिए कोई जगह ही नहीं बचेगी। लोकतंत्र जनता का होता है, जहां जनता को महत्व मिलेगा, वही तो लोकतंत्र है, और जहां परिवार को महत्व दिया जाता हो, वहां तानाशाह जैसी प्रवृति जन्म लेती है। उनको इसका अहंकार भी हो सकता है कि हम तो सत्ता के लिए ही बने हैं और यही अहंकार भारत के लोकतंत्र को कमजोर करता है।

